माघ कृष्ण पक्ष -10, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 190 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म।प्र।/4-474/2024-26

भोपाल
13 जनवरी 2026 मंगलवार

आज का मौसम
26.8 अधिकतम
10.2 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## न्यूज विंडो

### बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की पीटकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। फेंगुआ के दागनभुआ में समीर दास (28) को पीट-पीटकर मार डाला गया। आरोपी उसका ऑटो लूटकर फरार हो गए। पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है। पिछले 25 दिन में बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का यह आठवीं वारदात है। पुलिस के मुताबिक, समीर दागनभुआ के मातुभुइया संघ के रामानंदपुर गांव का रहने वाला था और लंबे समय से बैटरी ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था।

### उत्तराखंड के बागेश्वर में लगे भूकंप के झटके

**नईदिल्ली।** आज उत्तराखंड में भूकंप के झटके आए हैं। जानकारी के मुताबिक बागेश्वर जिले में सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फोर सिस्मॉलॉजी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गई है। ये भूकंप सुबह 7 बजकर 25 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र बागेश्वर जिले में धरती से 10 किलोमीटर भीतर था। अब तक इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है।

### 180 करोड़ के सोना चोरी मामले में 7 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कनाडा के पील में पुलिस ने प्रोजेक्ट 24के के सिलसिले में एक आदमी को गिरफ्तार किया है। यह जांच 20 मिलियन डॉलर से ज़्यादा (180 करोड़) की सोने की ईंटों की चोरी से जुड़ी है। ये देश के इतिहास की सबसे बड़ी सोने की चोरी है। 43 साल के अरसलान चौधरी को टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया, जब वह दुबई, संयुक्त अरब अमीरात से फ्लाइट से आया था। पुलिस ने बताया कि चौधरी का 'कोई तय पता नहीं है'।

### टाइल्स से भरा ट्रक लोडिंग वाहन पर पलटा, 3 की मौत



**रतलाम।** रतलाम-झाबुआ रोड पर रात टाइल्स लोड एक ट्रक चढ़ाई चढ़ते समय रिवर्स हुआ और पीछे आ रहे लोडिंग वाहन पर पलट गया। ट्रक के नीचे दबने से लोडिंग वाहन में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही जान चली गई।शव बुरी तरह चिपक गए थे, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस को करीब ढाई घंटे मशक्कत करनी पड़ी। मृतकों में दो रतलाम और एक झाबुआ का रहने वाला था।

### महिला टीचर ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु

**बागपत।** यूपी के बागपत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से परेशान होकर एक महिला टीचर ने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग की है और खून से पत्र लिखकर जिले के डीएम को सौंपा है। टीचर ने कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले के सामने आने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। बागपत में एक टीचर ने कॉलेज प्रबंधक पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खून से पत्र लिखा और राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी अस्मिता लाल को सौंपा।

### आज का कार्टून




## स्लॉटर हाउस संचालक को बचाने में पूरी ताकत लगा रहे रसूखदार

# सरकारी बूचड़खाने में गाएं कटती रहीं और सोती रही गौरक्षा का दम भरने वाली सरकार!

अनिल शर्मा, भोपाल

*इस सिरे से उस सिरे तक सब शरीके-जुर्म हैं,*
*आदमी या तो ज़मानत पर रिहा है या फ़रार।*

सरकार को आइना दिखने वाले बागी कलमकार दुष्यंत की यह पंक्तियाँ प्रदेश की भाजपा सरकार और भोपाल नगर निगम के पूरे सिस्टम के लिए मौजूं है। गौवंश की रक्षा करने का दम भरने वाली सरकार की नाक के नीचे सरकारी बूचड़खाने में गाएं कटती रहीं और उसे पता ही नहीं चला। गाय काटकर उनका मांस एक्सपोर्ट होने के इस मामले की परतें जैसे -जैसे खुल रही हैं, पता चल रहा है कि पूरा सिस्टम ही इस संगीन जुर्म में शामिल था। एक व्यक्ति विशेष को नगर निगम के मॉडर्न स्लॉटर हाउस का ठेका देने से लेकर उसे बचाने में तक में सभी अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। मामला सामने आने के बाद पुलिस और नगर निगम ने जिस तरह की कार्रवाई की उसने अपराधी के लिए कानूनी लड़ाई में जीतने की जमीन तैयार कर दी है।

इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी तो हो रही है लेकिन तह तक जाने की कोशिश दिखाई नहीं देती। कई ऐसे गंभीर सवाल हैं जिनके जवाब नहीं दिए जा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि स्लॉटर हाउस का संचालन करने वाले लाइवस्टॉक फूड प्रोसेसर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक असलम कुरैशी उर्फ असलम चमड़ा को यह ठेका दिलाने में किन रसूख़दारों की भूमिका थी। सूत्रों का कहना कि सत्ता से जुड़े कद्दावर नेताओं ने पूरी ताकत लगाकर असलम कुरैशी को यह काम दिलाया। गंभीर बात यह है कि इसी व्यक्ति के पास शहर भर से मरे



हुए जानवरों को उठाने का भी ठेका है। दोनों काम एक ही ठेकेदार को देना नियमों का उल्लंघन है। इससे हमेशा यह आशंका रहती है कि मरे हुए जानवर भी काट दिए जाएं। संभव है ऐसा हो भी रहा हो क्योंकि काटी गई भैसों की जितनी संख्या बताई जा रही है वह पकड़े गए मांस की मात्रा से मेल नहीं खाती।

### 85 भैसों का मांस 26 टन

पैक होकर जा रहा जो मांस 17 दिसंबर 2025 को पकड़ा गया था वह 26 टन था। जबकि निगम के वेटरनरी डॉक्टर का सर्टिफिकेट कहता है कि दो हफ्ते में कुल 85 भैंसों का वध हुआ। एक्सपर्ट कहते हैं कि एक वयस्क भैस से भी औसतन 80 किलो मांस निकलता है। 85 भैसों का मांस करीब 7 टन ही होता है। बड़ा सवाल है कि 26 टन यानी करीब 23 हजार किलो मांस कहां से आया? दो ही संभावनाएं हैं कि या तो मरे हुए जानवरों को काटा गया या फिर बैतूल से लाए गए बछड़े काटे जाने के आरोप सच हैं। इनमे कहा गया है कि 160 बछड़े अलग-अलग वाहनों से स्लॉटर हाउस लाए गए थे। इन्हे ही काटकर मांस एक्सपोर्ट किया जा रहा था।

### जब्त मांस एक्सपोर्ट कैसे हुआ ?

हिन्दू संगठनों की शिकायत पर पुलिस ने मांस जब्त किया था और नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। इसके बाद मांस से भरा ट्रक नगर निगम के हवाले कर दिया। एक कदम आगे बढ़कर निगम ने इसे स्लॉटर हाउस में रखने के बजाए संचालक को दे दिया जिसने पूरा मांस एक्सपोर्ट के लिए मुंबई भेज दिया। अब पुलिस के पास सिर्फ गौमांस की पुष्टि करने वाली रिपोर्ट है। होना यह चाहिए था कि जब्त माल का कुछ हिस्सा निगम सुरक्षित रखता और बाकी नष्ट कराया जाता। पुलिस और निगम ने मिलकर ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए जो घालमेल किया, उसके बाद मामला अदालत में कितना टिकेगा, समझा जा सकता है।

### सीसीटीवी का जिम्मा ठेकेदार को

पुलिस के पास गौमांस एक्सपोर्ट किये जाने की जांच रिपोर्ट तो है लेकिन स्लॉटर हाउस में गाएं आने के सीसीटीवी फुटेज नहीं हैं। इसी आधार पर नगर निगम भी गौवंश की हत्या को लेकर गोलमोल जवाब दे रहा है। उसका कहना है कि पुलिस की फ़ाइनल रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी। दरअसल हो यह रहा था कि कैमरों के फुटेज की निगरानी का जिम्मा भी ठेकेदार के लोगों के ही पास था। ऐसे में सही स्थिति सामने आना संभव ही नहीं है।

### सरकार का बुलडोजर कहां

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अमित शर्मा ने सरकार को चुनौती देते हुए पूछा है कि इस गंभीर मामले में सरकार बुलडोजर की कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। अगर हिम्मत है तो असलम और उन अफसरों के घरों पर बुलडोजर चलाएं जिन्होंने उसे काम दिलाने में भूमिका अदा की। शर्मा ने कहा कि इससे बड़ी विडम्बना कुछ नहीं हो सकती कि गौ रक्षा की बात करने वाली सरकार के कार्यकाल में यह घृणित काम हुआ। वह भी तब प्रदेश के मुखिया खुद यदुवंशी है। जिन कमिश्नर के कार्यकाल में असलम फलता-फूलता रहा वह भी इसी वर्ग से आते हैं।

### औचित्यहीन बयान भी

गौ हत्या की पुष्टि होने के बाद नेताओं में जैसे बयान देने की होड़ लग गई। कुछ बयान ऐसे हैं जिनका कोई औचित्य नहीं। जैसे सरकार के मंत्री विश्वास सारंग कह रहे हैं कि इस मामले में शामिल लोगों को फांसी दी जाए। जबकि गौवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004 कहता है कि ऐसे मामलों में अधिकतम 7 साल की सजा और 5 हजार रुपए का जुर्माना हो सकता है। जाहिर है, अब जबकि इस मामले की गूँज दिल्ली तक हो रही है तब गौवंश रक्षक ट्रिपल इंजन की सरकार असहज स्थिति में फंस गई है। ऐसे में इस गंभीर मामले को स्थानीय पुलिस या नगर निगम के भरोसे छोड़ने से बात नहीं बनेगी। सिर्फ बयानबाजी में उलझे सत्तापक्ष के नेताओं को चाहिए कि इसकी जांच किसी केन्द्रीय एजेंसी को सौंपने की वकालत करें जिससे सच्चाई सामने आए।

## प्रदेश में संक्रांति बाद नया सिस्टम...

# मावठा गिरने के आसार, 15 से फिर सताएगी कड़ाके की सर्दी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 15 जनवरी से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, यह सिस्टम स्ट्रॉन्ग है। इस वजह से 2 से 3 दिन बाद एमपी के उत्तरी हिस्से में मावठा गिरने के आसार है। इससे पहले ग्वालियर, चंबल, रीवा और सागर संभाग में मध्यम कोहरा और तेज ठंड का असर बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, आज ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा में मध्यम कोहरा रहा। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खजुराहो, गुना, शिवपुरी,



शाजापुर, सीहोर में भी कोहरा है। हालांकि, विजिबिलिटी 1 से 2 किलोमीटर तक है। वहीं, उत्तरी हिस्से में सर्द हवाओं का असर बना रहेगा। वजह यहां बर्फीली हवाएं सीधे आना है। तेज सर्दी होने से ग्वालियर में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री से नीचे चल रहा है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में फिलहाल पारा 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

### गुरुग्राम में ऐतिहासिक 0.6° तापमान

**नई दिल्ली।** इन दिनों दिल्ली-एनसीआर में ठंड की आफत बरस रही है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में ऐतिहासिक 0.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया जो यह पिछले पांच दशकों में सबसे कम है। यहां की सर्दी ने हिल स्टेशनों शिमला और मनाली को भी पीछे छोड़ दिया है। राजधानी दिल्ली में भी 3 डिग्री सेल्सियस के साथ कड़ाके की सर्दी पद रही है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, गुरुग्राम का तापमान 22 जनवरी, 1977 के सबसे कम तापमान के बराबर था। ठंड की लहर ने दिल्ली-एनसीआर और उत्तर-पश्चिम भारत के ज़्यादातर हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया है। दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन पर 3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि अन्य मैदानी इलाकों में भी तापमान जमने के करीब था।

# ट्रंप का ऐलान... ईरान से व्यापार तो 25 फीसदी टैरिफ

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

ईरान में चल रहे सत्ता विरोधी प्रदर्शनों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर 25 फ़ीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

ट्रम्प ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पर पोस्ट कर बताया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। हालांकि व्हाइट हाउस की तरफ से इस टैरिफ को लेकर आधिकारिक दस्तावेज जारी नहीं किया गया है। इस फैसले का असर मुख्य रूप से चीन और सऊदी अरब के साथ भारत पर भी होगा। बता दें कि ईरान के प्रदर्शनों में 600 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। उधर, ईरान की करेंसी रियाल की वैल्यू अब लगभग शून्य के बराबर पहुंच चुकी है। भारतीय मुद्रा में 1 रियाल की कीमत सिर्फ 0.000079 रुपए रह गई है। ईरान पर अमेरिका



पहले ही कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा चुका है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान से व्यापार करने वालों में प्रमुख देशों में चीन, संयुक्त अरब अमीरात और भारत शामिल हैं। टैरिफ लागू होने पर इन देशों के अमेरिका के साथ व्यापार पर असर पड़ सकता है। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के मुताबिक ईरान ने 2022 में 147 देशों के साथ व्यापार किया था। अमेरिका पहले ही भारत पर 50% टैरिफ लग चुका है। इसमें 25% रेसिप्रोकल और 25% रूस से तेल आयात को लेकर लगाया गया हैं। ईरान से व्यापार को लेकर अगर भारत पर टैरिफ लगाया जाता है तो कुल टैरिफ 75% हो जाएगा। इसके चलते भारत को अमेरिका में अपना सामान बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है, जिसका असर भारत के निर्यात पर पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच टैरिफ विवाद को निपटाने के लिए आज ट्रेड डील पर बातचीत होनी है। भारत चाहता है कि उस पर लगाए गए कुल 50% टैरिफ को घटाकर 15% किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो एक्स्ट्रा 25% पेनल्टी लगाई गई है, उसे पूरी तरह खत्म किया जाए।

## महिला की सुरक्षा को खतरा होते ही पुलिस को मिलेगा अलर्ट

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मध्य प्रदेश पुलिस आमजन की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसमें ज्यादा ध्यान महिलाओं की सुरक्षा को लेकर रहेगा। इसके लिए 'सेफ सिटी' अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी शहरों में संवेदनशील स्थल चिह्नित कर वहां ऐसे सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जो वीडियो एनालिटिक्स तकनीक से लेस होंगे। इनके माध्यम से किसी भी सड़क या गली में अकेली जा रही महिला की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। ये कैमरे महिला को खतरा भांपकर पुलिस कंट्रोल रूम को अलर्ट कर देंगे।दरअसल, ये कैमरे महिला-पुरुष की पहचान करके भी यह बता सकेंगे कि कहीं पुरुषों के बीच में अकेली महिला तो नहीं है। जैसे किसी गर्ल्स कालेज के सामने बहुत से लड़कों के बीच कोई लड़की दिख रही तो संदेश पहुंच जाएगा। पूरे प्रदेश में सवा लाख कैमरे लगाने की कार्ययोजना बनाई गई है।

## सुप्रीम कोर्ट सख्त : कुत्ते के काटने पर मुआवजा देंगी राज्य सरकारें

नईदिल्ली, एजेंसी

कुत्तों के आतंक को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सुनवाई की और बड़ा फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कुत्ते के काटने पर मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई बच्चा या बुजुर्ग कुत्ते के काटने से जख्मी हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है, तो राज्य सरकारें उसे मुआवजा देंगी। जस्टिस विक्रम नाथ ने मामले पर पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोग इस घटना के जिम्मेदार होंगे। जस्टिस विक्रम ने कहा, 'एक काम करो, कुत्तों को अपने घर लेकर जाओ। उन्हें इधर-उधर भटकने के लिए क्यों छोड़ा जाए? सर्वोच्च न्यायालय की ये टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी की दलीलों के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि आवारा कुत्तों का मामला एक भावुक मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा, 'ये भावुकता सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिखाई पड़ती है।' इसके जवाब में मेनका ने कहा, 'ये बात नहीं है, हमें लोगों की भी उतनी ही चिंता है।

## मेट्रो एंकर

## मंत्रालय स्तर पर तय होगी कार्रवाई, सीईओ पर भी हो सकता है एक्शन

# इंडिगो संकट की रिपोर्ट आई, लग सकता है 10 करोड़ तक जुर्माना

नईदिल्ली, एजेंसी

पिछले साल दिसंबर के पहले सप्ताह में कैंसल और डिले हुई इंडिगो की हजारों फ्लाइट के मामले में एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए की कॉन्फिडेंशियल जांच रिपोर्ट नागर विमानन मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा की टेबल तक पहुंच गई है। सूत्रों का कहना है कि यह रिपोर्ट 66 पेज की है, जिसकी जांच कर अब डीजीसीए के अलावा मंत्रालय स्तर पर भी एक्शन टेकन रिपोर्ट तैयार की जाएगी, ताकि इंडिगो सिस्टम के लड़खड़ाने से हुई लाखों यात्रियों की परेशानी पर एक्शन लिया जा सके।

### इंडिगो क्राइसिस की एक नहीं, कई वजहें

सूत्रों का कहना है कि 66 पेज की इस जांच रिपोर्ट में इंडिगो के खिलाफ ऐसा कोई मामला दिखाई नहीं दिया है जिससे लगे कि इंडिगो ने इस क्राइसिस को जानबूझकर अंजाम दिया। बताया गया है कि इंडिगो क्राइसिस की वजह एक नहीं कई बनी, जिसमें सबसे बड़ी वजह इंडिगो का डयूटी रोस्टर गड़बड़ाना, एक नवंबर से लागू हुए एफडीटीएल के तहत इंडिगो के पास 65 कैप्टन की कमी होना, मौसम और अन्य कुछ वजह शामिल हैं। रिपोर्ट का गहन अध्ययन किया जा रहा है। अब मंत्रालय स्तर पर भी एक्शन टेकन रिपोर्ट तैयार की जाएगी।




### कुछ अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

जानकारों का कहना है कि इंडिगो क्राइसिस मामले में कंपनी के कुछ अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। इसमें सीओओ भी शामिल हो सकते हैं। इंडिगो पर 10 करोड़ रुपये तक की पेनल्टी भी लगाई जा सकती है। कुछ मामलों में यह पेनेल्टी एक करोड़ और इससे अधिक की हो सकती है। इंडिगो ने डीजीसीए के पायलट रोस्टर लागू किए जाने को मुद्दा बनाते हुए ऐसे हालात पैदा किए जिससे पूरी एयरलाइंस का यातायात पूरा ठप्प हो गया। इससे बड़ी संख्या में यात्री 20-20 घंटे तक विभिन्न एयरपोर्ट पर फंसे रहे। माना गया कि इंडिगो ने सरकार को ब्लेकमेल करने के लिए यह स्थिति उत्पन्न की। इसके बाद मजबूर होकर सरकार को नए नियम लागू करने के लिए इंडिगो को अतिरिक्त समय देना पड़ा।



# मकर संक्रांति: पतंग बाजारों में रौनक



**भोपाल।** शहर में मकर संक्रांति को लेकर उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आ रहा है, शहर के अलग-अलग इलाकों में पतंगों की दुकानें सजने लगी हैं। रंग-बिरंगी पतंगें, चर्खियां और मांझा बाजारों की शोभा बढ़ा रहे हैं। खास तौर पर बच्चों में मकर संक्रांति को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चे अपने दोस्तों और परिवार के साथ दुकानों पर पहुंचकर मनपसंद पतंगों की खरीददारी कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बच्चों के साथ-साथ युवाओं में भी पतंग उड़ाने का क्रेज बढ़ा है, जिससे बाजार में अच्छी रौनक नजर आ रही है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार मकर संक्रांति के चलते पतंगों की बिक्री में तेजी आई है, जिससे छोटे दुकानदारों को भी अच्छी आमदनी की उम्मीद है। वहीं अभिभावक भी बच्चों की खुशी के लिए खरीददारी कर रहे हैं। कुल मिलाकर बाजारों में उत्सव का माहौल बन गया है और पतंगों के रंग आसमान के साथ-साथ बाजारों में भी खुशियां बिखेर रहे हैं।

### मतदाता सूची में एसआईआर प्रक्रिया जारी

# अब तक 9,921 मतदाताओं की मैपिंग 82,258 वोटरों को थमाया गया नोटिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 1 लाख 16 हजार 925 नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई चल रही है। इसके लिए शहर के सभी 85 वार्डों में हेल्प डेस्क बनाई गई है, जिन पर नोटिस मिलने वाले मतदाताओं की सुनवाई 90 एईआरओ कर रहे हैं। इस दौरान वह अपनी नागरिकता, आयु और निवास का प्रमाण पेश करने संबंधी दस्तावेज दे रहे हैं, जिनका परीक्षण करने के बाद नाम को सूची में बनाए रखा जाएगा।

बता दें कि एसआईआर के दूसरे चरण की पांच जनवरी से सुनवाई चल रही है, जिसके तहत नो मैपिंग मतदाताओं के दस्तावेज लेकर परीक्षण करने और फार्म छह, सात व आठ लेने का काम किया जा रहा है। जिले के सात विधानसभा क्षेत्र बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण-पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर में कुल 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण किया गया था, जिसमें कुल 16 लाख 87 हजार 33 मतदाता के पत्रक डिजिटाइज हुए थे। इनमें से 4 लाख 38 हजार 317 मतदाताओं के नाम काटे



गए हैं जिन्हें एएसडीआर (अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृत और दोहरी प्रवृष्टि) श्रेणी में रखा गया था। इनके अलावा 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नो मैपिंग श्रेणी में रखा था। इनमें से अब तक 82 हजार 258 मतदाताओं को नोटिस दिए जा चुके हैं, जबकि इनमें से 9 हजार 921 मतदाताओं की सुनवाई पूरी हो चुकी है। वहीं अब तक 27 हजार 839 मतदाताओं ने फार्म छह नाम जुड़वाने के लिए दिए हैं और 22 हजार 768 मतदाताओं ने फार्म आठ संशोधन के लिए जमा किए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि सभी एईआरओ द्वारा नो मैपिंग मतदाताओं के सूचना पत्र की सुनवाई की जा रही है साथ ही जिनका रिकॉर्ड मिल रहा है उनको जोड़ा जा रहा है।

### वोटर लिस्ट व ईपिक में अलग-अलग बूथ


चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने स्वीप जैसी कई गतिविधियां की जाती हैं, लेकिन आने वाले चुनाव में भोपाल सहित प्रदेश के लाखों मतदाताओं को मतदान से पहले ही भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद मप्र में 83 लाख 20 हजार से ज्यादा मतदाताओं के पोलिंग बूथ बदल दिए गए हैं। इसका कारण राज्यभर में 6,934 नए पोलिंग बूथों का बढ़ना है। भोपाल जिले में भी 260 पोलिंग बूथ बढ़ गए हैं। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि मतदाताओं के वोटर (ईपिक) कार्ड और नई वोटर लिस्ट में अलग-अलग पोलिंग बूथ दर्ज हैं। ऐसे में वोटर कार्ड देखकर मतदान केंद्र पहुंचने पर नाम वहां नहीं मिल सकता। इस बीच 10 हजार नए मतदाताओं के नाम पहली बार वोटर लिस्ट में जोड़े जाएंगे, जिनके लिए नए ईपिक कार्ड जारी होंगे। नाम जोड़ने के लिए 22 जनवरी शाम 5 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने हर पोलिंग बूथ पर अधिकतम 1200 वोटर्स रखने की हिदायत दी थी। भोपाल में कई बूथों पर 1500 से ज्यादा वोटर्स थे, इसलिए नए बूथ बनाए गए और वोटर्स शिफ्ट किए गए। भोपाल में पहले- 2022 पोलिंग बूथ थे, अब 2289 हैं। मप्र में पहले- 65 हजार+ पोलिंग बूथ थे। अब यह संख्या 71930 हो गई है। मप्र में 83.20 लाख वोटर्स के पोलिंग बूथ बदल गए हैं। भोपाल में ऐसे वोटर्स की संख्या 2 लाख से ज्यादा है। इन्हीं वोटर्स के सामने परेशानी है कि वोटर लिस्ट व ईपिक में अलग-अलग बूथ हैं।

# एमपी दसवीं-बाहरवीं बोर्ड परीक्षा का टाइमटेबल बदला

### हिंदी समेत कई विषयों की तारीखें शिफ्ट, 10 फरवरी से होंगे 12वीं के एग्जाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 2026 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का संशोधित टाइमटेबल जारी कर दिया है। नए शेड्यूल में दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं की तारीखों के साथ कुछ विषयों के क्रम में भी बदलाव किया गया है। बोर्ड ने सभी स्कूलों को संशोधित कार्यक्रम तुरंत विद्यार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इन प्रमुख विषयों की बदली तारीखें संशोधित टाइमटेबल के अनुसार 10वीं कक्षा का हिंदी का पेपर, जो पहले 11 फरवरी को प्रस्तावित था, अब 6 मार्च 2026 को होगा। इसी तरह 12वीं के उर्दू और मराठी विषयों की परीक्षा 9 फरवरी की जगह अब 6 मार्च को आयोजित की जाएगी। 12वीं का हिंदी का पेपर 7 फरवरी की बजाय 7 मार्च 2026 को होगा। सभी परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित होंगी। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित होंगी।
परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित होंगी।



**12वीं बोर्ड परीक्षा-** संशोधित कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 10 फरवरी 2026 से शुरू होंगी। वहीं 10वीं बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी से होगी।

### स्कूलों को सूचना देने के निर्देश

बोर्ड ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित टाइमटेबल को नोटिस बोर्ड, मॉर्निंग असेंबली और अभिभावक समूहों के माध्यम से तुरंत प्रसारित किया जाए। पूरा टाइमटेबल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे छात्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# किराना दुकान की आड़ में चाइनीज मांझा बेचता पकड़ाया दुकानदार



### 5,200 मीटर प्रतिबंधित मांझा जब्त किया

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल में चाइनीज मांझा की बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध कारोबार जारी रखने वालों के खिलाफ अयोध्या नगर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने किराना दुकान की आड़ में चाइनीज मांझा बेच रहे एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांझा जब्त किया गया है। टीआई महेश लिल्हारे ने बताया कि सोमवार को पुलिस टीम चाइनीज मांझा के खिलाफ कार्रवाई के लिए क्षेत्र में भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में एक किराना दुकानदार अवैध रूप से चाइनीज मांझा का भंडारण और विक्रय कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां आरोपी अपनी दुकान के बाहर कार्टन बॉक्स में पतंगों के साथ चाइनीज मांझा बेचते हुए मिला। पुलिस ने मौके से एक बड़ा रोलर, जिसमें लगभग 1,000 मीटर चाइनीज मांझा था, चार मध्यम रोलर जिनमें प्रत्येक में 500 मीटर मांझा, प्लास्टिक की पन्नी में रखे 11 पैकेट चाइनीज मांझा और प्रत्येक पैकेट में करीब 200 मीटर मांझा जब्त किया। इस तरह कुल लगभग 5,200 मीटर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी की पहचान अजय यादव, पिता सुंदरलाल यादव (50), निवासी दुर्गेश विहार, थाना अयोध्या नगर के रूप में हुई है। आरोपी अपनी किराना दुकान से चाइनीज मांझा बेच रहा था।

### राष्ट्रीय मंच पर बढ़ा एमपी का लोकसंस्कृति गौरव

**भोपाल।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2026 के अंतर्गत संपन्न राष्ट्रीय लोकगीत प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की लोकगीत टीम ने अपनी सशक्त, भावपूर्ण एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और युवा प्रतिभा की सशक्त अभिव्यक्ति का प्रतीक है. खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालक राकेश गुप्ता जी ने इस ऐतिहासिक एवं उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु सभी प्रतिभागी कलाकारों, निर्देशक एवं सहयोगी टीम को बधाई दी।

# पराली से किया जा सकेगा प्लाई बोर्ड व स्मार्ट लाइट कंट्रोल

### हैक एंड मेक 2026 में दिखी युवाओं की तकनीक

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल में पहली बार आयोजित ट्राई ट्रैक नवाचार प्रतियोगिता हैक एंड मेक 2026 में युवाओं ने ऐसे आइडिया पेश किए, जो लोगों के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। आयोजन में राज्य के अलग-अलग शहरों से आए प्रतिभागियों ने अपनी सोच को प्रोटोटाइप में बदलकर दिखाया। प्रतियोगिता में सॉफ्टवेयर हार्डवेयर और एक्सपोर्ट आधारित तीनों ट्रैक एक साथ चलाए गए। 500 सौ से ज्यादा टीमों ने आवेदन किया। फिल्टर के बाद करीब 90 टीमें बारह घंटे की लगातार प्रक्रिया में शामिल हुईं। देश की जानी मानी टेक कंपनी बोट के को-फाउंडर अमन गुप्ता ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आइडिया को सोच में फंसने न दें, उसे तुरंत अमल में लाएं। कार्यक्रम एमएसएमई विभाग के सहयोग से हुआ। बीटेक की टीम प्राची जैन, आशुतोष तिवारी और सत्यम जायसवाल ने मोबाइल एप आधारित सिस्टम डेमो दिया। सेंसर से लैस यह मॉडल कमरे को खाली पाते ही कुछ सेकंड में लाइट और अन्य उपकरण बंद कर देता है। घर हो या दफ्तर दोनों जगह बिजली की बचत हो सकती है और सिस्टम दूर से भी चलाया जा सकता है। श्रेय वर्मा की टीम ने कृषि अवशेष और टेक्सटाइल वेस्ट को बिल्डिंग मटेरियल में बदलने का तरीका दिखाया. खेती से निकलने वाली पराली को बायो वेस्ट मानने के बजाय इसका उपयोग प्लाई बोर्ड, पल्प, प्लेट और कागज बनाने में किया जाता है. इससे किसानों को अतिरिक्त आमदनी मिलती है।

### सड़क पर गिरे व्यक्ति को दिया सीपीआर

# सब इंस्पेक्टर ने बचा ली युवक की जान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

नादरा बस स्टैंड चौराहे पर ड्यूटी के दौरान हनुमानगंज थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर विवेक शर्मा ने समय पर सूझबूझ दिखाते हुए एक युवक की जान बचा ली। चलते-चलते अचानक सड़क पर गिरे युवक को विवेक शर्मा ने मौके पर ही सीपीआर देकर दोबारा होश में लाया और इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। नादरा बस स्टैंड के पास ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे विवेक शर्मा की नजर उस समय एक युवक पर पड़ी, जो बैटरी रिक्शा से उतरते ही सड़क पर गिर पड़ा। युवक के साथ मौजूद उसके दोस्त के अनुसार वह पंजाब का रहने वाला है। सब इंस्पेक्टर विवेक शर्मा हनुमान गंज थाने में पदस्थ है। सब इंस्पेक्टर विवेक शर्मा ने बताया कि युवक के गिरने के बाद उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। स्थिति गंभीर देखते हुए उन्होंने बिना देर किए युवक के सीने पर सीपीआर देना शुरू किया। करीब 30 से 45 सेकेंड तक लगातार सीपीआर देने के बाद युवक के शरीर में हलचल शुरू हुई और उसे होश आने लगा। इसके बाद पानी के छींटे मारकर उसकी स्थिति को और बेहतर किया गया। होश में आने के बाद युवक को उसके दोस्त के साथ इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

विवेक शर्मा ने बताया कि उन्होंने युवक को हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी थी। युवक की पहचान गुलाब सिंह के रूप में हुई है, जो पंजाब के लुधियाना- जालंधर क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। बाद में संपर्क करने पर जानकारी मिली कि युवक की हालत सामान्य है।

### खेत में खड़ी फसल काटकर की नष्ट, पुलिस से शिकायत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना इलाके में एक किसान की खेत में खड़ी फसल को तीन लोगों ने काटकर नष्ट कर दिया। किसान का आरोप है कि पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने ऐसा किया है। बदला लेने की भावना से आरोपियों ने किसान को मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्वाई शुरू कर दी है।

**मेट्रो एंकर** — लोगों की सहूलियत के लिए बढ़ाई समयसीमा

# ई-जीरो FIR को नियमित में बदलने 30 दिन मिलेंगे

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एक लाख रुपए से ज्यादा के ऑनलाइन साइबर फ्रॉड के मामलों में दर्ज होने वाली ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था को लेकर राज्य साइबर पुलिस ने बड़ी राहत दी है। पहले पीड़ित को तीन दिन के भीतर थाने पहुंचकर ई-जीरो एफआईआर को नियमित एफआईआर में तब्दील करवाना पड़ता था। अब राज्य साइबर पुलिस ने इस अवधि को बढ़ाकर 30 दिन कर दिया है। इसका मकसद यह है कि लोगों को रोजमर्रा की व्यस्तताओं के कारण थाने पहुंचने में समय की कमी न हो। यह सुविधा सभी संबंधित पुलिस थानों को दी गई है। इस दौरान थाना स्टाफ पीड़ित को नोटिस जारी कर थाने बुलाएगा ताकि वह निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी ई-जीरो एफआईआर को नियमित एफआईआर में बदलवा सके।




पुलिस के तीन डिजिटल प्लेटफॉर्म इससे जुड़ते हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस)

### यह रहेंगे 5 चरण

1. **शिकायत** – पीड़ित 1930 हेल्पलाइन या एनसीआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करता है। एक लाख से अधिक की धोखाधड़ी पर डेटा भोपाल पुलिस हब आता है।
2. **ऑटोमैटिक जनरेशन**- सीसीटीएनएस से शिकायत ई-जीरो एफआईआर में तब्दील हो जाती है।
3. **तुरंत नंबर** – पीड़ित को ई-जीरो एफआईआर नंबर दे दिया जाता है।
4. **हस्तांतरण**- राज्य साइबर पुलिस स्टेशन इसे लोकल थाने भेजता है।
5. **नियमित एफआईआर**- पहले इस चरण में तीन दिन के भीतर थाने पहुंचने की बाध्यता थी। अब यह 30 दिन कर दिया है।

### चैट जीपीटी युवाओं की पहली पसंद: केसरवानी

**भोपाल।** आज का युवा सीखने के नए रास्ते चुन रहे हैं. पुस्तकें अब भी मौजूद हैं, लेकिन एआई ने पढ़ाई की दुनिया में एक नई गति ला दी है। युवाओं ने बताया कि डिजिटल लर्निंग ही उनकी पहली पसंद बन रही है। एआई आधारित लर्निंग विषय पर युवाओं की पहली पसंद में चैट जीपीटी दौड़ में सबसे आगे है। 18 से 32 वर्ष के युवाओं में 100 में से 58.1 प्रतिशत युवा नियमित पढ़ाई के लिए एआई टूल्स को पसंद कर रहे हैं। इतना ही नहीं परीक्षा के पहले रिवीजन के लिए भी 58 प्रतिशत युवाओं ने डिजिटल लर्निंग में एआई और चैट जीपीटी को अपनी पहली पसंद बताया। इसमें अगर प्लेटफार्म की बात करें तो करीब 64.5 प्रतिशत युवाओं द्वारा पढ़ाई के लिए चैट जीपीटी और 22.6 प्रतिशत युवाओं ने जेमिनी को उपयोगी बताया। चैटजीपीटी के जरिए जानकारी तुरंत और सरल भाषा में मिल जाती है। इतना ही नहीं रिपोर्ट के अनुसार चैट जीपीटी केवल शिक्षा के बाद सर्च इंजन के रूप में भी सबसे ज्यादा उपयोग किया जाने वाला टूल माना जा रहा हैं।

मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट-2026



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट-2026 बुकलेट का विमोचन किया।

## दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिये जिला स्तर पर लगेंगे शिविर

**भोपाल।** दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिये जिला स्तर पर स्कीनिंग कैम्प आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में स्वास्थ्य विभाग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता बच्चों को चिन्हित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करने की कर्रवाई करेंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली वायंगणकर ने बताया कि जुवेनाइल जस्टिस कमेटी के निर्देशानुसार कोई भी दिव्यांग बच्चा चिन्हांकन एवं लाभ से वंचित न रहे, के ध्येय वाक्य के आधार पर प्रत्येक दिव्यांग बच्चे की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। सभी जिले में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिया गया है। यह कैम्प आगामी एक माह में आयोजित किया जाना है। शिविरों के आयोजन में विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा समन्वित प्रयास करेंगे। उन्होंने निर्देश दिये है कि शिविर आयोजन की तिथियों को प्रचार-प्रसार किया जाए इससे अधिकाधिक सहभागिता हो सकें।

### दिग्विजय सिंह का तीन महीने बाद 9 अप्रैल को कार्यकाल हो रहा खत्म

# तीसरी बार रास नहीं जाएंगे दिग्गी, एमपी में फुल टाइम होंगे एक्टिव , रेस में हैं नाथ, अरुण, पटेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल तीन महीने बाद 9 अप्रैल को खत्म हो रहा है। वे दूसरी बार के राज्यसभा सांसद हैं। अब तीसरी बार राज्यसभा नहीं जाएंगे। सूत्रों की मानें तो उन्होंने पार्टी नेतृत्व को भी इस बात से अवगत करा दिया है कि वे राज्यसभा जाने के इच्छुक नहीं हैं।

प्रदेश में 2028 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सूत्र बताते हैं कि ऐसे में दिग्विजय सिंह ने पार्टी आलाकमान से यह कहा है कि वे राज्यसभा जाने के बजाय एमपी में ही पूरा टाइम देना चाहते हैं। इस साल मई से अगले ढाई साल यानी कि विधानसभा चुनाव तक दिग्विजय सिंह एमपी के दौरे करके कांग्रेस की जमीन तैयार करेंगे।

### ढाई साल के प्लान पर बना रहे रणनीति

सूत्रों की मानें तो दिग्विजय सिंह अगले ढाई साल यानी विधानसभा चुनाव तक कांग्रेस की जीत के लिए रणनीति पर मंथन कर रहे हैं। वे अलग-अलग चरणों में प्रदेश का दौरा कर सकते हैं। बड़ी सभाओं और भीड़ वाले कार्यक्रमों के बजाय दिग्विजय संगठनात्मक मजबूती के लिए छोटी बैठकें भी विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी रणनीति को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं।



### दिल्ली में दिग्विजय दे चुके हैं प्रजेंटेशन

कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और संगठनात्मक सुधारों को लेकर दिग्विजय सिंह पिछले महीने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेजेंटेशन दे चुके हैं। इस दौरान प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद थे।

### तीन चरणों में होंगी संगठनात्मक यात्राएं

बैठक में दिग्विजय ने सुझाव दिया था कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेशभर में यात्राएं निकाली जाएंगी. ये यात्राएं अलग-अलग स्तरों पर होंगी और उनका उद्देश्य सीधे कार्यकर्ताओं से जुड़ना होगा।

प्रत्येक बूथ से मंडल स्तर तक पदयात्रा निकाली जाएगी।

मंडल से ब्लॉक स्तर तक बाइक यात्रा होगी।

ब्लॉक से जिला स्तर तक संगठनात्मक यात्रा निकाली जाएगी।

### सीट पर कई दिग्गजों की नजर

दिग्विजय के इनकार के बाद खाली होने वाली राज्यसभा की सीट पर एमपी के कई दिग्गजों की नजर है। पूर्व सीएम कमलनाथ, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री और CWC मेंबर कमलेश्वर पटेल, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन राज्यसभा की रेस में शामिल हैं।

### कमलनाथ को कोषाध्यक्ष के साथ राज्यसभा भेजने की चर्चाएं

पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ को मध्यप्रदेश से राज्यसभा भेजे जाने की संभावना है। पार्टी के भीतर इस बात पर मंथन चल रहा है कि कमलनाथ को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाए जाने के साथ-साथ राज्यसभा भेजकर उन्हें केंद्र की राजनीति में सक्रिय भूमिका दी जाए। कमलनाथ केंद्र सरकार में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, केंद्रीय पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और केंद्रीय पर्यटन मंत्री (अतिरिक्त प्रभार) जैसे अहम पद संभाल चुके हैं। वे छिंदवाड़ा से लगातार नौ बार लोकसभा सांसद रहे हैं।

### दबाव बनाने की कोशिश

सियासी जानकार बताते हैं कि हैं कि राजनीति में जो कहा जाता है, वह हमेशा होता नहीं है। दिग्विजय सिंह की मौजूदा सक्रियता को देखें तो उन्होंने संघ को लेकर जो ट्वीट किया है या फिर वह दलित एजेंडा, जो मध्यप्रदेश में लगभग खत्म हो गया था, उसे दोबारा जीवित करने की कोशिश की है। कहीं न कहीं यह पार्टी पर दबाव बनाने का प्रयास है। वे चाहते हैं कि जब तक वे राजनीति में हैं, तब तक मेनस्ट्रीम में बने रहें। कांग्रेस में जो नई पीढ़ी आई है, वह कहीं न कहीं उनके रास्ते में रुकावट बन रही है। उधर, राहुल गांधी का रवैया भी उन्हें पीछे धकेल रहा है। मध्यप्रदेश वह राज्य है, जहां कांग्रेस के पास अच्छा वोट बैंक है। थोड़ा सा भी सेबोटाज या कुर्ता-फाड़ राजनीति होती है, तो कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ता है। जानकारों का मानना है कि जहां तक मध्यप्रदेश में पूरा समय देने की बात है, तो वे अभी भी पूरा समय मध्यप्रदेश में ही दे रहे हैं। मध्यप्रदेश के अलावा वे और कहां समय दे रहे हैं? 2018 से पहले उन्होंने नर्मदा यात्रा की थी। उनकी 15 महीने की सरकार के दौरान भी वे प्रदेश में ही सक्रिय रहे। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें किसी दूसरे राज्य की जिम्मेदारी कभी नहीं दी। ऐसे में प्रदेश में समय देना उनकी मजबूरी भी है। लेकिन सवाल यह है कि वे प्रदेश की नई लीडरशिप को किस तरह से सपोर्ट करेंगे? कहीं न कहीं इसमें पुत्रमोह भी आ जाता है, जिसका असर भी दिखाई देता है। जयवर्धन की राजनीति पर भी नजर रखनी होगी। जीतू पटवारी ने उन्हें प्रदेश की राजनीति से सीधे जिले की राजनीति में भेज दिया। उनके पास कोई खास विकल्प भी नहीं बचा है। अब उन्हें यह दिखाना होगा कि वे कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। जब आप अपनी सक्रियता दिखाते हैं, तो पार्टी पर यह दबाव भी बनता है कि सीनियर लीडरशिप को मौका दिया जाना चाहिए।

### प्रदेश में 7619 पानी के सैंपल की जांच

# सीवर लाइन लीकेज मैनहोल ओवरफ्लो की 285 शिकायत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के नगरीय निकाय नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित एवं निर्बाध जल एवं सीवर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर शहरी क्षेत्रों में जल गुणवत्ता, जल आपूर्ति व्यवस्था तथा सीवर समस्याओं के त्वरित निराकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि रविवार 11 जनवरी तक प्रदेशभर में 1176 जल रिसाव (लीकेज) की मरम्मत की जा चुकी है। इसके साथ ही 7619 जल नमूनों की जांच पूरी की गई है, ताकि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। जल नमूना संग्रहण कार्य में 744 सफाई मित्र एवं अमृत मित्र सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जबकि जल परीक्षण के लिए अब तक 704 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

आयुक्त ने बताया कि 684 ओएचटी, जीएसआर एवं सम्प की सफाई पूर्ण कर ली गई है, जिन पर ऑयल पेंटिंग के माध्यम से सफाई की तिथि और अगली प्रस्तावित सफाई की तिथि अंकित की गई है। इसके अतिरिक्त 1650 छोटे मरम्मत कार्य (माइनर रिपेयर) भी पूरे किए जा चुके हैं। जल से संबंधित कुल 293 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 284 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। वहीं सीवर लाइन लीकेज, मैनहोल ओवरफ्लो जैसी समस्याओं से जुड़ी 285 शिकायतों में से 134 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। शेष

### स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत 'जल सुनवाई'

प्रदेश में स्वच्छ जल अभियान के तहत जल सुरक्षा, जल संरक्षण एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 'जल सुनवाई' की शुरुआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषदों द्वारा लगातार निगरानी एवं सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जल गुणवत्ता एवं सीवर व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। फील्ड अमला निरंतर निगरानी में रहेगा। नागरिकों से अपील की गई है कि जल या सीवर से संबंधित किसी भी समस्या की सूचना निर्धारित माध्यमों से अवश्य दें, ताकि समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### नक्सलवाद के खात्मे के बाद डीजीपी ने दी मंजूरी

# हॉक फोर्स के 61 जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के बाद पुलिस मुख्यालय ने हॉक फोर्स के जवानों को बड़ी सौगात दी है। पुलिस मुख्यालय ने नक्सल मुठभेड़ों में साहसिक भूमिका निभाने वाले 61 पुलिस कर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने का फैसला किया है। इनमें से 60 पुलिसकर्मियों को शीघ्र पदोन्नति दी जाएगी, जबकि एक पुलिसकर्मी का प्रमोशन लिफाफा बंद कर दिया गया है। ये सभी पुलिसकर्मी विशेष सशस्त्र बल और बालाघाट जिला पुलिस बल से संबंधित हैं। इन जवानों को प्रतिबंधित माओवादी के जीआरबी डिवीजन के मलाजखंड दलम के चार एरिया कमेटी सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए पदोन्नति दी जा रही है। मारे गए नक्सलियों में रीता उर्फ तुब्बी श्रीरांगु हिडामी (पति चंदू उर्फ देवचंद), सुमन, इमला उर्फ तुलसी और रवि मडावी उर्फ बदरेको शामिल हैं।

### डीजीपी ने जारी किए आदेश

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सूचीबद्ध सभी पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने की कार्रवाई की जाएगी।

### सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बने

सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन पाने वालों में बिपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह बिदूरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा और नर्वदेश श्रीवास्तव शामिल हैं।

### एएसआई से एसआई

मुनेंद्र सिंह को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है।



### प्रधान आरक्षक से एएसआई बने ये जवान

प्रधान आरक्षक एसएएफ से सहायक उप निरीक्षक एसएएफ बनने वालों में रुद्री चंद्र ज़खमोला, अनिल सिंह भदोरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेंद्र धुर्वे, रविंद्र कुशवाह, हरेंद्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल और विकास कुमार राजपूत शामिल हैं।

**आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर प्रमोशन** : एसएएफ के जिन जवानों को आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर प्रमोट किया जाना तय हुआ है, उनमें मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेंद्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरि मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकालु, प्रवीण कुमार, असित यादव, राम आशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेंद्र सिंह पटेल, वीर सिंह, शकर चंद्र सरयाम, सुनील परिवार, चंद्रकांत पांडे, सत्यम द्विवेदी, सुनील यादव, देवराज कलमे, सुरेंद्र सिंह मार्को, सुशील उइके के नाम शामिल हैं।

इसके अलावा रामलाल भील, उमेश चंद्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, नरेंद्र सोनबे, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरुण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेंद्र सिंह, रवि कुमार यादव, छ्टु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी और संजू शर्मा को भी पदोन्नति दी जाएगी।

## मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026 भोपाल में 15 जनवरी को

भोपाल मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026% का आयोजन 15 जनवरी 2026 को भोपाल स्थित ताज लेकफ्रंट होटल में किया जाएगा। कांफ्रेंस का नेतृत्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। कांफ्रेंस "AI-enabled Governance for an eMPowered Bharat" की थीम पर आयोजित होगी। कांफ्रेंस का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंडिया एआई मिशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में आईआईटी इंदौर नॉलेज पार्टनर, आईआईटीआई-दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन प्रदर्शनी भागीदार के रूप में सहयोग करेंगे। इससे एआई आधारित शासन और प्रौद्योगिकी के लिए अकादमिक और उद्योग समन्वय सशक्त होगा। कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का उद्घाटन किया जाएगा। इस एक्सपो में इंडियाएआई पवेलियन, मध्यप्रदेश पवेलियन, स्टार्टअप शोकेस, हैकाथॉन एरिना और स्टार्टअप प्रतियोगिता शामिल होंगे।

# नर्मदा नदी किनारे रोपे जाएंगे 28 लाख पौधे औषधीय पौधों को किया जाएगा प्रोत्साहित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा नदी के किनारे इस वर्ष 28 लाख पौधों रोपे जाएंगे। वर्षा ऋतु में पौधारोपण का कार्य होगा। नर्मदा नदी के कैचमेंट एरिया को संरक्षित करने के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं। पौधों की देखरेख और निगरानी ड्रोन और सैटेलाइट से की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पौधरोपण ठीक से हो रहा है। पिछले वर्ष भी लगभग इतने ही पौधे लगाए गए थे।

इन पौधों की जीवितता का प्रतिशत भी ठीक है। नर्मदा नदी के किनारे 16 जिलों अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, जबलपुर, सिवनी, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, सीहोर, हरदा, देवास, खंडवा, खरगोन, धार, बड़वानी और अलीराजपुर में पौधरोपण के कार्य होंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए हर जगह तार फेंसिंग की



जाएगी। वर्ष 2025-26 में अविरल निर्मल नर्मदा योजना अंतर्गत नर्मदा नदी के 10 किमी की परिधि में आने वाले 12 वन मंडलों में 5600 हेक्टेयर में से 5222.75 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण एवं भू-जल संबंधी कार्य किया जा रहा हैं। इस के लिए 70 करोड़ रुपये का प्रविधान है। नदियों के पुनर्जीवन कार्यों के अंतर्गत नर्मदा, यमुना नदी के जल ग्रहण क्षेत्र उपचार के लिए सात करोड़ रुपये से जल एवं मृदा संरक्षण संबंधी विविध कार्य भी हो रहे हैं।

### शिवराज सरकार में एक दिन में लगाए गए थे 6.67 करोड़ पौधे

सात साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में नर्मदा किनारे एक दिन में छह करोड़ 67 लाख 50 हजार पौधे लगाए गए थे।

इसे गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने का प्रयास भी हुआ लेकिन यह हो न सका।

इसमें पौधा खरीदी में वित्तीय गड़बड़ी के आरोप भी लगे थे।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक करोड़ पौधारोपण किया गया था।

अकेले इंदौर में एक दिन में ही 12 लाख पौधे रोपे गए, इसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित २०

**दोपहर मेट्रो**

### सरकार के खजाने में आए 3700 करोड़ रुपए

# शराब पीने में इंदौर ने बनाया रिकॉर्ड, प्रदेश में रहा अव्वल

**इंदौर, दोपहर मेट्रो**

स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं में देश भर में कीर्तिमान स्थापित करने वाला इंदौर शहर अब शराब की खपत के मामले में भी मध्य प्रदेश में पहले पायदान पर आ गया है। वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार इंदौर के नागरिकों ने शराब की खरीदारी के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। इस अवधि के दौरान शहर में कुल 6.17 करोड़ लीटर शराब की बिक्री दर्ज की गई है जिसकी कुल बाजार कीमत 3731 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। इस भारी बिक्री से जहां एक ओर मदिरा प्रेमियों ने रिकॉर्ड बनाया है वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के राजस्व खजाने में भी बड़ी राशि जमा हुई है। आबकारी विभाग द्वारा तैयार की गई ताजा सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 के मध्य इंदौर जिले में कुल 6 करोड़ 17 लाख 22 हजार 561 लीटर मदिरा की खपत हुई है। यदि इसकी तुलना पिछले वर्ष से की जाए तो वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 6 करोड़ 14 लाख 67 हजार 738 लीटर दर्ज किया गया था। इस प्रकार बीते एक वर्ष में शराब की कुल बिक्री में 2 लाख 54 हजार 823 लीटर का इजाफा हुआ है। विभाग ने इस आंकड़े में देसी मदिरा, विदेशी मदिरा और बियर की सभी श्रेणियों को शामिल किया है। भले ही पिछले एक साल में वृद्धि का प्रतिशत महज 0.41 रहा हो लेकिन पिछले चार वर्षों के तुलनात्मक आंकड़े बेहद हैरान करने वाले हैं। वर्ष 2021 के दौरान शहर में शराब की कुल बिक्री केवल 3.55 लाख लीटर



### देसी शराब की मांग में आई गिरावट

एक दिलचस्प रुझान यह भी सामने आया है कि इंदौर में अब देसी शराब के शौकीन कम हो रहे हैं। वर्ष 2025 में देसी शराब की बिक्री 1.48 करोड़ लीटर रही है जबकि वर्ष 2024 में यह 2.08 करोड़ लीटर थी। एक साल के भीतर ही इसकी बिक्री में 60 लाख लीटर की कमी आई है जो लगभग 29 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। यह पिछले चार वर्षों का सबसे न्यूनतम स्तर है जिससे यह स्पष्ट होता है कि उपभोक्ताओं का रुझान अब अन्य श्रेणियों की ओर बढ़ रहा है। देसी मदिरा के विपरीत विदेशी शराब और बियर की मांग में जोरदार तेजी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में 1.39 करोड़ लीटर विदेशी शराब और सर्वाधिक 3.30 करोड़ लीटर बियर की खपत हुई है।

### 173 दुकानें, 149 बार-होटल-को अनुमति

इंदौर जिले में वर्तमान में शराब की कुल 173 अधिकृत दुकानें संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न हिस्सों में 149 बार, रेस्टोरेंट, होटल और क्लब मौजूद हैं जहां मदिरा परोसने की वैधानिक अनुमति है। सैन्य और अर्धसैनिक बलों की कैंटीन को मिलाकर जिले में कुल 325 चिन्हित स्थानों से शराब की आपूर्ति की जा रही है। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से करोड़ों लीटर शराब की निकासी सुनिश्चित हुई है। सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी के अनुसार वर्ष 2025 में मदिरा की खपत से सरकार को बड़े स्तर पर राजस्व प्राप्त हुआ है। केवल अप्रैल से दिसंबर के नौ महीनों के भीतर ही विभाग ने 1408 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया है।

## रूस के नाम पर भारत-चीन पर वार

वेनेजुएला और ग्रीनलैंड में उलझे डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वाली कहानी अभी पूरी नहीं हुई है। उनका नया प्रस्तावित बिल और भी एकतरफा, मनमाना और अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। खुद उनकी सरकार को यह कहने में संकोच नहीं कि इससे अमेरिकी राष्ट्रपति को दूसरे देशों पर दबाव बनाने की शक्ति मिलेगी।

**दूसरों पर जिम्मेदारी:** नए बिल के मुताबिक, रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाया जा सकता है। इस बिल पर अगले हफ्ते वोटिंग की उम्मीद है। अमेरिका के निशाने पर मुख्य रूप से भारत, चीन और ब्राजील है। बहाना उसका वही पुराना है कि रूस इन देशों को तेल बेचकर यूक्रेन युद्ध के लिए संसाधन जुटा रहा है। हालांकि हकीकत यही है कि अमेरिका और यूरोप की युद्ध रुकवाने की अभी तक की सारी कोशिशें नाकाफी साबित हुई हैं, लेकिन वॉशिंगटन उस नाकामी को दूसरों पर डालना चाहता है।

**रूस पर असर नहीं:** पिछले महीने अमेरिका ने उत्साह के साथ फ्लोरिडा में यूक्रेन, रूस और यूरोप के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक की थी। ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी इन बैठकों का हिस्सा थे और इनमें यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर खास फोकस रहा। लेकिन, लगता नहीं कि इन बैठकों का कोई असर पड़ा, क्योंकि इनके साथ-साथ रूसी हमलों में भी तेजी आई है। अब ब्रिटेन और फ्रांस ने एक सहमति पत्र पर साइन किए हैं, जिसके मुताबिक शांति समझौते के बाद वे यूक्रेन में सेना तैनात करना चाहते हैं, जबकि रूस इसके विरोध में हैं।

**तेल की हकीकत :** रूस और यूक्रेन के बीच का मसला कई बिंदुओं पर उलझा हुआ है, पर ट्रंप प्रशासन उसका सरलीकरण करके उसे सिर्फ एक नजर से देख रहा है तेल की खरीद। अजीब बात है कि खुद ट्रंप के दावे के मुताबिक, भारत अब रूस से कम तेल आयात कर रहा है।

**कूटनीतिक जवाब :** युद्ध से लेकर तेल तक, ट्रंप हर दिन कोई नया दावा करते हैं। हाल में उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अपाचे हेलिकॉप्टर की डील पर बयान दिया, जिसमें गलतियां थी। ट्रंप की बातें पारंपरिक कूटनीतिक भाषा से अलग और असामान्य हैं। भारत को विरोध दर्ज कराने के लिए कूटनीतिक रास्ता ही अपनाना चाहिए। वॉशिंगटन तक यह बात पहुंचानी जरूरी है कि उसके कदम द्विपक्षीय रिश्तों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अभी दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर वार्ता चल रही है, तो फोकस उसी पर होना चाहिए। बहरहाल, ट्रंप सरकार की इन ऊट-पटांग हरकतों की वजह से अमेरिका दुनिया का भरोसा गंवाता जा रहा है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से उसकी सबसे बड़ी करंसी रही है।

# समाज में सद्भाव और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का विज्ञान आधारित त्यौहार है मकर संक्रांति

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**
स्तंभकार



हर साल 14 जनवरी को हम मकर संक्रांति मनाते हैं। यह एकमात्र भारतीय त्योहार है जो सौर कैलेंडर के दिन मनाया जाता है। बाकी सभी भारतीय त्योहार चंद्र कैलेंडर के अनुसार मनाए जाते हैं इसलिए सौर कैलेंडर के अनुसार उनके मनाने के दिन हर साल बदलते रहते हैं। खगोल विज्ञान, गणित और ज्यामिति सहित प्राचीन भारतीय विषयों में संस्कृत तकनीकी शब्द 'संक्रांति' का इस्तेमाल किया जाता था।

महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक, मकर संक्रांति भारत के कई क्षेत्रों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन आधिकारिक तौर पर नई फसल का मौसम शुरू होता है। हालांकि, मकर संक्रांति का सांस्कृतिक महत्व इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहाँ रहते हैं; अलग-अलग राज्य इसे अलग-अलग नामों से मनाते हैं लेकिन उसी स्नेह के साथ। यह त्योहार एक खगोलीय घटना पर आधारित है: सूर्य का दक्षिणी से उत्तरी गोलार्ध में स्पष्ट ग्रहण संबंधी बदलाव। विज्ञान के अनुसार, यह सूर्य के खगोलीय भूमध्य रेखा को पार करने का संकेत देता है, जो शीतकालीन संक्रांति के बाद सूर्य के उत्तर की ओर बढ़ने की खगोलीय घटना है। सनातनी सूर्य की पूजा करते हैं और उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उसे एक खगोलीय पिंड और एक सचेत देवता दोनों के रूप में देखते हैं। मकर संक्रांति पर सुबह से शाम तक, चैतन्य चारों ओर व्याप्त रहता है। इसलिए, साधना (आध्यात्मिक अभ्यास) में लगे साधक को अधिक चैतन्य का सबसे बड़ा लाभ मिल सकता है। चैतन्य के परिणामस्वरूप साधकों में परम अग्नि सिद्धांत, या तेजतत्व भी बढ़ता है। मकर संक्रांति साधना के लिए एक उत्कृष्ट दिन है। सूर्य का उत्तर की ओर गमन सर्दियों के अंत और उत्तरी गोलार्ध में अधिक दिन की रोशनी का संकेत देता है। अतीत में, यह कृषि चक्रों के साथ-साथ होता था: फसलें कट जाती थीं, फसलें भंडारित की जाती थीं और नई खेती की तैयारी शुरू हो जाती थी। अलाव जलाना, पतंग उड़ाना और नदी में नहाना व्यावहारिक मूल के सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के उदाहरण हैं, जैसे गर्मी देना, लंबे दिनों का स्मरण करना और मौसमी नदी प्रवाह और फसल कटाई के बाद खाली समय से जुड़े औपचारिक शुद्धिकरण। मकर संक्रांति उत्सव का एक अनिवार्य घटक छत पर इकट्ठा होना और सूरज के नीचे पतंग उड़ाना है। इस प्राचीन प्रथा का वैज्ञानिक महत्व है क्योंकि, लंबी सर्दियों के बाद, सूर्य अंततः हमारी ऊर्जा को फिर से भरता है और हमारे शरीर को बैक्टीरिया और बीमारियों से शुद्ध करता है, हम खुशी-खुशी पतंग उड़ाते हैं।



**सार्वभौमिक त्योहार:** देश के अलग-अलग हिस्सों में इस दिन के उत्सवों को अलग-अलग नामों से जाना जाता है: मध्य भारत में सुकरात, असमिया हिंदुओं में भोगली बिहू, तमिल और अन्य दक्षिण भारतीय हिंदुओं में पोंगल और उत्तर भारतीय हिंदुओं और सिखों में लोहड़ी। जिस तरह भारत के कई हिस्सों में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है, उसी तरह एशिया के अन्य हिस्सों में भी इसे दूसरे नामों से और इसी तरह के कारणों से मनाया जाता है। उदाहरण के लिए, मकर संक्रांति उत्सव को थाईलैंड में सोंगक्रान और कंबोडिया में मोहा संगक्रांता के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा, दुनिया भर के लोग, खासकर भारतीय मूल के लोग, अपनी विरासत से जुड़ाव के कारण मकर संक्रांति मनाते हैं।

अनोखे लड्डू बनाने के लिए जो सच में इस मौके को खास बना दें, तिल और गुड़ का एक खास मिश्रण तैयार किया जाता है। इन लड्डुओं को खाने का कारण यह है कि तिल के हर दाने में तेल से मिलने वाले तत्व होते हैं। सर्दियों में त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है और उसे सुरक्षा और मुलायम बनाए रखने के लिए नमी की ज़रूरत होती है। इसलिए, तिल के लड्डू खाना, जो इस उत्सव का एक ज़रूरी हिस्सा है, यह त्वचा को नमी देता है। अक्सर तिल-गुड़ कहे जाने वाली ये मिठाइयाँ मकर संक्रांति उत्सव की परंपराओं को दिखाती हैं और माना जाता है कि ये समुदाय में सद्भाव बढ़ाती हैं।

**सामाजिक समरसता:** राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ जाति, धन और सामाजिक अन्याय के कारण समाज में आई कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहा है। छह उत्सवों में से मकर संक्रांति ऐसा उत्सव है जो समाज में सद्भाव और आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने के लिए छुआछूत और पुरानी गलत परंपराओं को खत्म करने का प्रयास करता है। इस उत्सव का लक्ष्य आंतरिक जागरूकता जगाना और भारत को उसकी पूर्व गरिमा और शान वापस दिलाने के लिए करना है। हिंदू सभ्यता बनाने वाली अलग-अलग जातियों को एक साथ आना होगा। डॉ. हेडगेवार जी के अनुसार, जब तक हिंदू समाज बंटा हुआ है, भारत माता का अस्तित्व खतरे में रहेगा। ये उत्सव डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी ने सामाजिक समता, ममता, समरसता और हिंदू एकता की विशेषताओं के अनुसार मनाना शुरु किया था, जिन्हें वे समाज के लिए ज़रूरी मानते थे।

**पर्यावरण की देखभाल:** पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना प्रकृति का सम्मान करने के अलावा मकर संक्रांति मनाना उनके लिए भारतीय परंपरा के प्रति वफादार रहने और मकर संक्रांति के सार को बनाए रखने का एक तरीका है। बायोडिग्रेडेबल पतंग उड़ाना कुछ अनोखी पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं में से एक है जो अब मकर संक्रांति उत्सव का एक अभिन्न अंग बन गई हैं। संघ के लिए, पारंपरिक मूल्यों और मकर संक्रांति के सार का त्याग किए बिना जीवन स्थितियों और सामुदायिक लाभों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न सामाजिक अभियानों में भाग लेना उत्सव का एक और पहलू है। समाज में सद्भाव और प्राकृतिक दुनिया के प्रति श्रद्धा को प्रोत्साहित करने के लिए, हम अपनी ऊर्जा को फिर से भर सकते हैं, अपने मन और आत्मा को खुशी से भर सकते हैं और इस भावना को दूसरों तक फैला सकते हैं। यह मकर संक्रांति के वास्तविक महत्व और उद्देश्य का सम्मान करने में योगदान देता है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# बुद्धिजीविता की तराजू का बदलता संतुलन स्वतः सिद्ध और प्रोपेगंडा का फर्क

**मनोज श्रीवास्तव**
चिंतक-स्तंभकार



कभी आपने देखा कि विवेक अग्निहोत्री या सुदीप्तो सेन या आदित्य धर आदि निर्देशकों को जब फिल्में बनाना होता है तो उसके पूर्व उन्हें इतिहास का बहुत अध्ययन करना पड़ा है, बहुत सी बारीकियों में उतरना पड़ा है पर किसी मुगल-ए-आजम या किसी जोधा अकबर को बनाने के लिए कभी इन परिशुद्धताओं की आवश्यकता नहीं पड़ी। विवेक या सुदीप्तो या आदित्य से उनसे हर छोटी-छोटी बात के लिए ऐतिहासिक प्रमाण, दस्तावेज, और साक्ष्य मांगे गये। इन फिल्मों की हर घटना, हर संवाद, और हर दृश्य को सूक्ष्मदर्शी यंत्र से परखा गया। विवादों का तूफान खड़ा किया गया, तथ्य-जांचकर्ताओं की पूरी फौज लग गई, और मीडिया में बहसें चलती रहीं।

अग्निहोत्री ने जब 'द कश्मीर फाइल्स' (2022) बनाई, तो उन्होंने लगभग चार वर्षों तक शोध किया। उन्होंने 700 से अधिक कश्मीरी पंडित परिवारों से साक्षात्कार किए, उनके दर्द को समझा, दस्तावेजों का अध्ययन किया, और पुरानी रिपोर्ट्स, समाचार पत्रों और सरकारी अभिलेखों को खंगाला। फिल्म में दिखाए गए अधिकांश दृश्य वास्तविक घटनाओं पर आधारित हैं - जैसे बीके गंजू की हत्या, गिरजा टिक्कू की हत्या, और अन्य भीषण अत्याचार। इसके बावजूद, फिल्म रिलीज होते ही विवादों में घिर गई। तथाकथित बुद्धिजीवियों, इतिहासकारों, और मीडिया के एक वर्ग ने फिल्म को 'प्रोपेगेंडा' करार दिया। हर घटना को चुनौती दी गई, हर आंकड़े पर सवाल उठाए गए। यहां तक कि कश्मीरी पंडितों की पीड़ा को भी 'अतिरंजित' बताया गया। विवेक अग्निहोत्री को बार-बार अपनी फिल्म के हर दावे को सिद्ध करना पड़ा, साक्ष्य प्रस्तुत करने पड़े, और जनसुनवाई में खड़ा होना पड़ा।



द बेंगाल फाइल्स बंगाल विभाजन (1947) के दौरान हुए नोआखाली नरसंहार और हिंदुओं पर हुए अत्याचारों को दिखाती है। जैसे ही फिल्म की घोषणा हुई या इसके निर्माण की बात आई, तुरंत विवाद शुरू हो गए। फिल्म निर्माताओं से हर घटना के लिए दस्तावेजी सबूत मांगे गए। फिल्म को 'सांप्रदायिक एजेंडा' बताया गया। कहा गया कि यह इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक समूहों ने इसका विरोध किया। निर्माण टीम द्वारा 7000 से अधिक शोध पृष्ठों और 1000 से अधिक अभिलेखों का अध्ययन किया गया। 20,000 से अधिक पृष्ठों के दस्तावेजों और बचे हुए लोगों और उनके परिवारों के साक्षात्कार लिये। 1946 के भारतीय, अंतर्राष्ट्रीय, अमेरिकी और ब्रिटिश समाचार पत्रों की गहन जांच की। महीनों विभिन्न शहरों और गांवों का दौरा किया गया। लोगों से साक्षात्कार लिये, स्थानीय संस्कृति और इतिहास का अध्ययन किया, और बंगाल के हिंसक इतिहास के मूल कारण को समझने की कोशिश की। अग्निहोत्री ने बताया कि जब वे उस समय के समाचार पत्रों की जांच कर रहे थे, तो कुछ छवियों ने उन्हें बहुत बुरी तरह प्रभावित किया। उन्हें यह जानकर भी सदमा लगा कि डायरेक्ट एक्शन डे में लगभग 40,000 लोग केवल दो रातों में मारे गए, और कोलकाता की सड़कों पर एक महीने से अधिक समय तक मानव शव पड़े रहे क्योंकि उन्हें साफ करने के लिए कोई नहीं बचा था, अधिकांश सफाई कर्मचारी मारे जा चुके थे। उनकी टीम को बहुत सारी बाधाओं का सामना करना पड़ा, जिसमें कोलकाता में एक होटल में हिरासत में लिया जाना भी शामिल था। सुदीप्तो सेन की 'द केरल स्टोरी' जो केरल में लव जिहाद और ISIS में भर्ती की कहानी बताती है, को तुरंत 'झूठी' और 'भ्रामक' करार दिया गया। आंकड़ों पर विवाद हुआ, और फिल्म निर्माताओं को संख्याओं में संशोधन करना पड़ा। आलोचनाओं से निपटने से कहीं अधिक कठिन था फिल्म बनाने में हुआ विरोध। सुदीप्तो ने शोध के लिए केरल में लगभग 10 वर्षों तक काम किया। यह एक असाधारण लंबी अवधि है जो उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 2018 में सुदीप्तो ने एक विवादास्पद डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'इन द नेम ऑफ लव - मेलानकॉली ऑफ गॉड्स ओन कंट्री' बनाई थी जो धार्मिक रूपांतरण और लव जिहाद पर थी, जिसे लंदन इंडिपेंडेंट फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार मिला।उन्होंने केरल के हर जिले की यात्रा की, और एक बार उन्हें एक बचकर रहना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनके होटल पर हमला हो सकता है। वास्तविक युवा महिलाओं से मुलाकात की जो धार्मिक रूपांतरण से बच निकली थीं और आर्ष विद्या समाजम आश्रम द्वारा उनकी देखभाल की जा रही थी। सेन ने एक विशेष रूप से मार्मिक घटना साझा की जब उन्होंने पहली बार श्रुति से एक छोटे से गांव में मुलाकात की, तो उसके घर में बिजली नहीं थी क्योंकि कनेक्शन काट दिया गया था। जब भी वह सब्जियां खरीदने बाहर जाती, लोग उसका बैग छीन लेते। सेन को उनसे उनके घर के एक छोटे से window के माध्यम से साक्षात्कार करना पड़ा क्योंकि वे बाहर आने से डरती थीं। 17 मई को मुंबई के रंग शारदा ऑडिटोरियम में 26 साहसी लड़कियों को केरल से विशेष रूप से इस अवसर के लिए बुलाया गया। अभिनेत्री अदा शर्मा ने निर्देशक द्वारा दिखाए गए वीडियो की भयावहता का खुलासा किया जिसमें लड़कियों और उनके बच्चों को टैंकरों में 16 घंटे तक बिना खाने, पीने या खुद को राहत देने के तरीके के बिना कपड़ों के ढेर की तरह जमा किया जा रहा था। जब तक वे अपने गंतव्य पर पहुंचते, कुछ मर चुके होते थे और अधिकांश आधे-मरे हुए होते थे।

कभी गौर कीजिए कि इन दिनों गैर-वाम बहुत अध्ययन के साथ काम कर रहा है और वाम अपने चालू जुमलों में अटका पड़ा है।बुद्धिजीविता की तराजू का संतुलन बदल रहा है। आपको शायद यह व्यंग्य लगे कि मैं कहूँ कि आज के युग में शंकराचार्य के 'ब्रह्म सत्य जगन्मिथ्या' को सच मानने वाला सिर्फ वाम बुद्धिजीवी है इस फर्क के साथ कि अपने ब्रह्म को वह मार्क्स कहता है। पर जगत् का कार्य व्यापार, उसकी हक़ीक़तें, उसकी सच्चाई इस बुद्धिजीवी के लिए सब मिथ्या हैं। वह कौन-सा मनोविज्ञान है, कौन सी बुद्धिजीविता जिसमें कुछ चीजें अनैतिहासिक होने पर भी स्वतःसिद्ध हैं और वह कौन-सा मनोविज्ञान है जिसमें कुछ चीजें ऐतिहासिक होने पर भी प्रोपेगंडा हैं?

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

**हेल्थ टिप्स**

# संतरे से ज्यादा विटामिन सी देने वाला फल कीवी, सुधारेगा पेट की सेहत



**स्टूल** पास करने में जोर लगाना एक गंभीर समस्या है। कुछ लोग मल को निकालने के लिए टॉयलेट में घंटों इंतजार करते रहते हैं। यह पेट की गंभीर समस्या कब्ज की निशानी है। जिसे जाने-अनजाने में अधिकतर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। होश तब आता है, जब इससे गंभीर समस्या पैदा हो जाती है। डॉक्टर से पूछकर देखिए, तब पता चलेगा सामान्य सी कब्ज कितनी खतरनाक हो सकती है। यह बवासीर, फिशर, भगंदर, गुदा में कठोर मल फंसना, रेक्टल प्रोलैप्स की शुरुआत का कारण बन सकती है। हल्की या शुरुआती कब्ज को खाने में बदलाव करके ठीक किया जा सकता है। एक शोध में चंडीगढ़ की एक कालोनी के 505 लोगों पर अध्ययन किया गया। इसका परिणाम हमें इस समस्या के प्रसार के बारे में एक आकलन देता है। इस अध्ययन में 24.8 प्रतिशत लोगों ने माना कि पिछले एक साल में उन्हें कब्ज की समस्या हुई।

कब्ज से राहत पाने के लिए सबसे पहले डायजेशन ठीक करना होता है। इसके लिए कीवी खाना शुरू करें। यह हरा फल आपके पेट के लिए बहुत बढ़िया होता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व गट हेल्थ को सपोर्ट करते हैं और इससे जुड़ी समस्याओं से दूर रहने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, यह विटामिन सी से भरपूर भी है।

अपने सोशल मीडिया पोस्ट में डॉक्टर शुभम वत्स, एमबीबीएस, एमडी, डीएम, गैस्टोएंटेरोलॉजी कहते हैं कि 'अधिकतर लोग पेट में भारीपन के एहसास, ब्लोटिंग और इर्रेगुलर बावल मूवमेंट के लिए गट हेल्थ को दोषी माने हैं। लेकिन इसका कारण आपकी प्लेट में एक चीज का ना होना है'। यह है संतरे से भी ज्यादा फायदेमंद फल कीवी।

आप ये ना सोचें कि कीवी अच्छी है तो एक दिन में ही भरकर खा लें। एक दिन में केवल एक कीवी खाने से डायजेशन स्मूथ करने में मदद मिल जाती है। बावल मूवमेंट आसान हो जाती है और खाने के बाद होने वाली पेट की तकलीफ से भी राहत मिलती है। यह गट हेल्थ के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आपकी ब्लोटिंग, गैस, अपच और कब्ज की समस्या गायब हो जाएगी।

**सॉल्यूबल और इनसॉल्यूबल फाइबर:** कीवी में सॉल्यूबल और इनसॉल्यूबल फाइबर होते हैं। ये दोनों टाइप के फाइबर कब्ज के मरीजों की बहुत मदद करते हैं। ये पानी होल्ड करते हैं, स्टूल को नेचुरली मुलायम और बावल मूवमेंट को रेगुलर बनाते हैं।

## सुविचार

छोटा सा बदलाव भी जिंदगी की एक बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।
–अज्ञात

## निशाना

### मात्र कहने स्वयं की सरकार है..!



**कान्ति शुक्ला**

अब यहाँ रिश्ते नहीं व्यापार है।
चीज हर बिकती भरा बाज़ार है।
स्वार्थ में डूबे सभी आकंठ हैं
है दिखावा लोग कहते प्यार है।
कौन सुनता है यहाँ पर वेदना
और बहरों से भरा दरबार है।
आज भी कलियाँ परेशां हो रहीं
हो रहा गुलशन यहाँ बेज़ार है।
कर रहे हैं कुर्सियों पर वो पकड़
देश से जिनको नहीं दरकार है।
आम जन जाएँ कहाँ सूझे नहीं
मात्र कहने स्वयं की सरकार है।

**टेक्नो अपडेट**

# आ गया ऐसा WiFi राउटर जो देगा 10Gbps की इंटरनेट स्पीड, मिलेगा फुल नेटवर्क

ब्रॉडबैंड कनेक्शन भले किसी कंपनी का हो, लेकिन आपके घर में आने वाली इंटरनेट स्पीड का दरोमदार एक वाई-फाई राउटर के कंधों पर होता है। जानी-मानी कंपनी टीपी लिंक ने ऐसा राउटर उतार दिया है, जिससे 10Gbps की इंटरनेट स्पीड हासिल की जा सकती है। इसका नाम TP-Link Archer BE670 है जो नया वाईफाई 7 राउटर है और कई एडवांस फीचर्स के साथ लाया गया है। 6GHz बैंड को सपोर्ट करने वाला यह राउटर मैक्सिमम 5,765 Mbps की डेटा स्पीड ऑफर करता है, लेकिन लैन केबल को जब इससे कनेक्ट किया जाता है तो मैक्सिमम स्पीड 10जीबीपीएस तक पहुंच सकती है।



यह कंपनी का लेटेस्ट वाईफाई 7 राउटर है। यह 6GHz, 5GHz और 2.4GHz बैंड को सपोर्ट करता है। 6 गीगाहर्ट्ज में 5765 एमबीपीएस की मैक्सिमम स्पीड मिलती है। 5 गीगाहर्ट्ज में भी यही ट्रांसफर स्पीड हासिल की जा सकती है। 2.4GHz कनेक्शन पर मैक्सिमम स्पीड 688 एमबीपीएस की मिल जाती है।

**बड़े घर में मिलेगा अच्छे नेटवर्क:** टीपी लिंक के अनुसार, इस राउटर के बड़े घर जो तीन बेडरूम वाले होते हैं, उनके लिए डिजाइन किया गया है। इसमें 6 एंटीना लगे हैं। कुल 5 ईथनेट पोर्ट दिए गए हैं। जिस 10 जीबीपीएस इंटरनेट स्पीड की बात हमने बताई, उसके लिए राउटर में अलग से पोर्ट है। WAN या LAN केबल के जरिए यह इंटरनेट स्पीड हासिल की जा सकती है। यह राउटर अभी भारत से बाहर आया है। इसकी ऑनलाइन कीमत 299 डॉलर यानी करीब 27 हजार रुपये है। भारत में 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में कहना मुश्किल होगा कि तकनीक की दुनिया में आया यह गैजेट भारत में कब तक पहुंचेगा।

**वायरल वीडियो**

# चोरी करने से पहले देवी मां से मांगी माफी, फिर उड़ा ले गया मंदिर के कीमती गहने

**सोशल** मीडिया पर ऐसे कई वीडियो वायरल होते हैं, जिसे देख लोग दंग रह जाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो झांसी से देखने को मिला, जहां एक चोर ने मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले मंदिर में स्थापित देवी माता की मूर्ति से माफी मांगी। हाथ जोड़कर प्रार्थना करने के बाद चोर ने मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया।

वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि चोरी करने से पहले चोर ने मंदिर में देवी मां से प्रार्थना की। हाथ जोड़कर देवी मां से माफी मांगने के बाद चोर ने देवी मां का श्रृंगार और रुपए चोरी कर लिए। मंदिर में चोरी की अनोखी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई और अब यह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बता दें कि झांसी के गरौठा मढा रोड पर स्थित प्रसिद्ध बड़ी माता मंदिर में बीती रात चोरों ने अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर ने मंदिर का मुख्य ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और माता के सिंगार में चढ़े सोने-चांदी के कीमती आभूषण उतारकर फरार हो गया। सुबह जब श्रद्धालु और पुजारी पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने मंदिर का ताला टूटा हुआ और सिंगार अस्त-व्यस्त पाया। इसके बाद तुरंत ही लोगों ने इसकी सूचना गरौठा पुलिस को दी।



**पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी फुटेज:** मंदिर में चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर की बारीकी से जांच-पड़ताल शुरू की। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर चोर चोरी करते हुए साफ दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने निशानदेही करते हुए चोर की पहचान ग्राम गोहाना निवासी के रूप में की. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और थाने लाए, जहां उससे पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**पहले भी इलाके में हुई थी चोरी:** गौरतलब है कि इससे पहले भी ग्राम गोहाना में रात के समय बकरियों की चोरी की घटनाएं सामने आई थीं, जिनका अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों ने पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था और गश्त बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गांव के अलावा तमाम अन्य गांव में चोरी की बड़ी-बड़ी वारदातें हो रही हैं. रात होते ही चोरों का आतंक शुरू हो जाता है। अब ग्रामीण अपने घर और मंदिर की रखवाली के लिए खुद तैयार हो गए हैं।

# युवा दिवस: शहरवासियों ने किया प्राणायाम

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**




शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मे खंड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत, वन्देमातरम् तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन हुआ। तत्पश्चात रेडियों के माध्यम से मुख्यमंत्री का संदेश प्रसारित किया गया। सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का योगाभ्यास योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी विकास खंड योग प्रभारी द्वारा सम्पन्न कराया गया।मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य, रक्त सेवा समिति संस्थापक राजेश तिवारी ने हर आसन, प्राणायाम, योगाभ्यास से होने वाले विभिन्न लाभ बच्चो को बताऐ ताकि वो इसे अपनी दिनचर्या मे शामिल कर सकें। एसडीएम ने सूर्य नमस्कार को सभी आसनो का राजा बताते हुऐ हर रोज नियमित आधा घंटा योग सूर्य नमस्कार प्राणायाम को देने की बात कही। एसडीओपी ने ध्यान को आत्मा के लिए अनिवार्य बताते हुऐ उसकी महत्ता समझाई। विकास खंड योग समिति अध्यक्ष चंद्र कुमार तारण ने योग के अष्टांग नियम, गीता मे श्रीकृष्ण द्वारा योग की महिमा को बताया। संयोजक प्राचार्य एमसी शर्मा ने सूर्य नमस्कार प्राणायाम योगाभ्यास के माध्यम से कठिन से कठिन लक्ष्य को हासिल करने की बात कही। संचालन डीके ओझा ने जबकि आभार एनसीसी अधिकारी अनिल दुबे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रूपेन्द्र शर्मा, तहसीलदार , सीईओ , विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी सहित विकास खंड योग समिति के पदाधिकारीगण विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारी गण, सामाजिक सांस्कृति संस्थाओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व जन प्रतिनिधि शामिल हुए ।

# सम्मान समारोह में किया पुरस्कार वितरण

**शहडोल। दोपहर मेट्रो**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शहडोल नगर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जन्मजयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें मंच पर अभाविप महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव, बिरसा मुंडा शासकीय मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. गिरीश बी. रामटेके शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मुकेश तिवारी, नगर अध्यक्ष डॉ. सौरभ शिवा जी, जिला संयोजक अमन त्रिपाठी जी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती एवं हम सब युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष्य दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।उसके उपरांत कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. सौरभ शिवा जी द्वारा प्रस्तावना में बताया गया कि कैसे अभाविप कैसे भगवान बिरसा मुंडा के ऊपर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जो कि 22 नवंबर को हुई थी उसका आज समान्य समारोह आयोजित हो रहा है जिसमें प्रथम पुरस्कार स्मार्टफोन द्वितीय पुरस्कार साइकिल एवं तृतीय पुरस्कार स्मार्ट वॉच प्रदान की जाएगी।मुख्य अतिथि महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव जी द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऐसे क्रांतिकारी जिनको हम भूलते जा रहे हैं। उनको आगे लाते हुए उनके ऊपर अनेक प्रकार की प्रतियोगिता संपन्न करा कर विद्यार्थियों के बीच उनको याद कराया जाता है। इसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया। जिला संयोजक अमन त्रिपाठी द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापित किया गया।

## न्यूज विंडो

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजीव मेमोरियल हायर सेकंडरी विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, युवा दिवस का उद्देश्य, सूचना का अधिकार, निजता का अधिकार , साइबर अपराध, व उनसे बचाव दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां शिक्षा का महत्व ,शिक्षा का अधिकार निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाईन के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में संजीव कुमार अरोरा अधिवक्ता, पीएलवी सुनील राजपूत, पीएलवी सौरभ कुशवाह एवं विद्यालय स्टॉफ से एके जैन डायरेक्टर , एनके जैन सचिव, प्राचार्य कविता अग्रवाल, राममनोहर कुर्मी, मंजू भारद्वाज, रवि कुशवाह, कलश जैन, महक शर्मा एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### समीक्षा बैठक में सीएम के आगमन की तैयारियों पर विधायक ने की चर्चा



**नर्मदापुरम।** जनपद पंचायत सोहागपुर के सभाकक्ष में विधायक विजयपाल सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में सरपंच, उपसरपंच, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठजन उपस्थित रहे।विधायक विजयपाल सिंह ने बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ दायित्व निभाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अधिक से अधिक जनता को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, एसडीएम प्रियंका भलावी, तहसीलदार रामकिशोर झारबड़े, सीईओ जनपद प्रबल अरजरिया व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### रक्त सेवा समिति ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**गंजबासौदा।** रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह युवा दिवस के शुभ अवसर पर एसजीएस कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के टॉपर्स बच्चों का सम्मान किया गया। जिसमें सभी विद्यालय के 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र, एनसीसी ,खेल एवं विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने वाले मेधावी छात्रों का, सोशल मीडिया पर एक्टिव युवा कार्यकर्ता का सम्मान किया गया।

### 50 हजार से अधिक लोग भरेंगे हुंकार, 23 को होगा शंखनाद



**मंडीदीप।** सकल हिंदू समाज द्वारा बसंत पंचमी पर हिंदू सम्मेलन आयोजित करने की तैयारियां चल रही है। दशहरा मैदान पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सकल हिंदू समाज के सदस्यों ने विधिवत पूजा-अर्चनाकर धर्म ध्वजा की स्थापना की। आयोजकों द्वारा इस सम्मेलन को सफल बनाने व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न हिंदू संगठनों की टीमें मोहल्लों में बैठक, युवाओं और महिला शक्ति से संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रही है। लक्ष्य है कि 23 जनवरी को सम्मेलन में 50 हजार से अधिक लोगों की भागीदारी हो। आयोजकों ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। जहां धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को एक मंच पर लाकर सनातन परंपराओं को सशक्त करने का संकल्प लिया जाएगा। इस मौके पर महेन्द्र मैथिल विमल जैन, राजदीप, जीवन सिंह पाल, सुनील पाल, सुरेंद्र जैन, दीपेंद्र पाल, शुभम खटीक, शुभम राजपूत, अंकित चोरे, मुरली धर्मवानी आदि मौजूद रहे।



### 28 हजार बच्चों को वितरित किए स्कूल बैग विद एजुकेशन डेस्क

# निजी स्कूलों के बच्चों को भी जल्द मिलेगी बस्ते से राहत: मंत्री राव उदय प्रताप सिंह

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती के अवसर पर पीएम श्री नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने नर्मदा पुरम जिले के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 27 हजार 778 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग विद एजुकेशन डेस्क का वितरण किया। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार निजी स्कूलों की तरह सरकारी स्कूलों को बेहतर और सुविधाजनक बनाने का प्रयास कर रही है। अगले शिक्षा सत्र में निजी स्कूलों के बच्चों को भारी बस्ते के बोझ से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में सभी स्कूलों में शौचालय और विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो जाएगा। नवीन शैक्षणिक सत्र से पहले छात्रों को पुस्तकें वितरित की जाएंगी।

छात्रों को पुस्तकों के बोझ से मुक्ति दिलाने के लिए 500 पेज वाली पाठ्यपुस्तक युक्त बस्ता तैयार करने की दिशा में काम चल रहा है। मप्र के 6 हजार स्कूलों के समीप आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि आंगनबाड़ी से बच्चे सीधे सरकारी स्कूलों में प्रवेश ले सकें।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीता सरन शर्मा ने बैग विद एजुकेशन डेस्क की सराहना करते हुए कहा कि यह छोटी कक्षाओं के बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जो भी संभव होगा, करेंगे। उन्होंने बताया कि पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को यह बैग विद एजुकेशन डेस्क वितरित किया जा रहा है। अभी भी कई प्राथमिक स्कूलों में बच्चे टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ते हैं, जिससे उनकी कमर झुक जाती है और नजर नीची रहती है। ब्लैकबोर्ड देखने के लिए सिर ऊंचा करना पड़ता है। इस बैग से बच्चों की रीढ़ और नजर सीधी रहेगी तथा स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर होगा। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि जिले में स्कूल बैग विद एजुकेशन डेस्क वितरण का सराहनीय कार्य हुआ है। उन्होंने मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से सोहागपुर के बच्चों को भी यह बैग दिलाने की मांग की।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वितरण

नर्मदा कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम-2023 के तहत प्राथमिक स्कूलों के 28 हजार बच्चों के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए स्कूल बैग विथ एजुकेशनल डेस्क का वितरण शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीता सरन शर्मा, विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा, जिपं अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल, नपाध्यक्ष नीतू यादव, जपं अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नीति आयोग सदस्य एवं अवंत फाउंडेशन संरक्षक अवनीश त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, कलेक्टर सोनिया मीना, एसपी साईं कृष्णा एस थोटा, जिपं सीईओ हिमांशु जैन आदि उपस्थित रहे।

### यादव महासभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश को किया मनोनीत



**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

यादव भवन इटारसी में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक रखी गई। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चंद्र यादव के निर्देश पर पर्यवेक्षक एडवोकेट दिनेश यादव जिला अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए नियुक्त किया गया, बैठक में शामिल हुए सभी यादवजनों की एक राय अनुसार जिला नर्मदापुरम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव नर्मदापुरम एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष पुनः राजेश यादव को दोबारा नियुक्त किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट दिनेश यादव, आरके यादव, एडवोकेट मधुसूदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मुकेश यादव, राजेंद्र यादव, राजेश यादव ग्रामीण जिला अध्यक्ष,नरेंद्र पटेल, भीलाडिया मुकेश यादव, बबलू यादव, धर्मेंद्र यादव , दीपक पटेल, अशोक यादव, अन्य यदुजन उपस्थित थे।

### चोर और कबाड़ी खरीदार गिरफ्तार

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

शहर में लगातार हो रही बाइक चोरियों के मामले पुलिस को बड़ी सफलता मिली है मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने सिवनी मालवा से सिराज मोहम्मद ( 23 ) और कबाड़ी जुनैद ( 35 ) को गिरफ्तार किया। दोनों से करीब 1.83 लाख की चार चोरी हुई बाइकें जब्त हुईं। 12 जनवरी को थाना इटारसी में दर्ज अपराध के अज्ञात आरोपी की तलाश में मुखबिर ने बताया कि गैरेज लाइन के पीछे 18 बंगला इलाके में एक युवक बाइक बेचने की तलाश में घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर सिराज मोहम्मद को दबोच लिया। पूछताछ में सिराज ने तीन और बाइक चोरी करना कबूल किया। उसने बताया कि चोरी की बाइकें सिवनी मालवा के गाडरी मोहल्ला निवासी कबाड़ी जुनैद को बेचता था।



## एसडीएम ने औचक निरीक्षण कर दूषित पानी की सप्लाई रोकने दिए सख्त निर्देश



**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

इंदौर में दूषित पानी पीने से 23 बेगुनाह मौतों के बाद मंडीदीप प्रशासन हुवा सतर्क रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर सोमवार को गौहरगंज एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने वार्ड-5, 6, के साथ क्षेत्रों में नालियों के अंदर दबी हुई पाइप लाइनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभाग को आवश्यक सुधार करने और पेयजल आपूर्ति को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार हेमंत शर्मा, पटवारी अश्वनी मिश्रा सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कैनो स्लालम शुरू: महेश्वर के नेचुरल वाटर स्पोर्ट्स हब में 13 राज्यों के 80 खिलाड़ी ले रहे भाग

**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**



ऐतिहासिक नगरी महेश्वर में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के तत्वावधान में 13वीं सीनियर एवं 12वीं जूनियर राष्ट्रीय कैनो स्लालम प्रतियोगिता तथा एशियन गेम्स के लिए चयन ट्रायल का आयोजन नर्मदा नदी के तट महेश्वर में शुरू किया है। प्रतियोगिता में देशभर से सीनियर एवं जूनियर वर्ग के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। एशियाई चैंपियनशिप एवं आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल भी इसी दौरान आयोजित किया जाएगा। इससे प्रतियोगिता और भी महत्वपूर्ण बन गई है। 2016 से निरंतर विकसित होता नेचुरल वाटर स्पोर्ट्स हब आगे बढ़ रहा हैं। वर्ष 2016 से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल में यह आयोजन लगातार होता आ रहा है। मध्यप्रदेश सरकार, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन की सक्रिय भूमिका से महेश्वर का यह प्राकृतिक जल क्षेत्र आज नेचुरल वाटर कैनो स्लालम स्पॉट के रूप में विकसित हो चुका है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 30 से 40 खिलाड़ी अब तक विक्रम अवार्ड, राष्ट्रीय खेल पुरस्कार सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं। कई खिलाड़ी विदेशों में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण एवं शिक्षा भी प्राप्त कर रहे हैं, वहीं अनेक युवाओं को खेल के माध्यम से रोजगार के अवसर भी मिले हैं। सहस्त्रधारा (नर्मदा नदी) में किया गया। इस ट्रायल में देश के 13 राज्यों एवं सर्विसेज (आर्मी) से आए 80 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, वहीं आयोजन मध्यप्रदेश को नेशनल वाटर कैनो स्लालम के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। तकनीकी रूप से उच्चस्तरीय कोर्स ट्रायल के लिए 200 मीटर लंबा विशेष लेन बनाया गया। सेंटर किया गया है, जिससे कुल 20 गेट लगाए गए हैं। कैनोइंग व कायाकिंग में 14 डाउन-स्ट्रीम गेट शामिल हैं।

**मेट्रो एंकर** — जनप्रतिनिधि बोले-यादव के विचारों को देश को अपनाना चाहिए

# आंखमऊ में जन नेता शरद यादव को याद कर शरद स्तूप पर पहुंच दी श्रद्धांजलि

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**



जनता दल यूनाइटेड के दिवंगत नेता शरद यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर उनके गृह गांव आँखमऊ में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शामिल नेताओं ने कहा कि शरद यादव के विचार आज की राजनीति में कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। यदि देश और समाज को विघटन से बचाना है तो शरद यादव के विचारों को देश को अपनाना चाहिए। श्री यादव की बेटी सुभाषनी एवं दामाद राव राजकमल ने श्रद्धांजली देते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग को मंडल आयोग की सिफारिश शरद यादव जी की देन है वे गरीब दलित पिछड़ा वर्ग के मसीहा थे हमेशा हमारे बीच अमर रहेंगे शरद स्तूप पर उनकी यादों को ताज किया गया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गईं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एडवोकेट मधुसूदन यादव, एडवोकेट मुकेश यादव, शैलेंद्र यादव आंखमऊ, देवेंद्र यादव पूर्व सरपंच, मोनू यादव, शैलेंद्र गोयल पूर्व जिला अध्यक्ष , ब्लॉक अध्यक्ष, केलु उपाध्याय, बाबू चौधरी, अजय अहिरवार, बिंदु डेहरिया, अन्य सामाजिक लोग उपस्थित थे।

**पुलिस ने किया खुलासा**

## तीन नाबालिगों ने उड़ाए तीन लाख के मोबाइल

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

जयस्तंभ क्षेत्र की एक मोबाइल दुकान से 3 लाख 15 हजार रुपये कीमत के नौ मोबाइल और तीन पावर बैंक चुराने वाले तीनों आरोपी नाबालिगों को इटारसी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सारा माल बरामद कर लिया। तीनों को बाल न्यायालय में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय 11 जनवरी 2026 को दुकान मालिक अमर नागवानी (42 वर्ष) निवासी न्यास कालोनी, अस्पताल के पास ने इटारसी थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट मिलते ही थाना प्रभारी गौरव बुंदेला के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने ग्राम सालई (थाना परसवाडा, बालाघाट), पत्ती बाजार इटारसी और अग्रवाल भवन के पास रहने वाले तीन नाबालिगों को चिन्हित कर पकड़ा।पूछताछ में आरोपियों ने चोरी कबूल ली। 18 बंगला इटारसी खंडहर से नौ मोबाइल और तीन पावर बैंक बरामद हो गए। तीनों पर वैधानिक कार्रवाई कर उन्हें बाल न्यायालय भेजा जाएगा।

## न्यूज विंडो

## महिला का मंगलसूत्र उड़ाने वाले शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार




**धार।** कोतवाली पुलिस ने सब्जी मंडी से महिला के गले से मंगलसूत्र काटकर भागने वाले आरोपी को गिरफ्तार कियरा है । पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सोने का मंगलसूत्र और मोती बरामद कर लिए हैं, जिसकी बाजार कीमत लगभग 65 हजार रुपए है। मोतीबाग सब्जी मंडी में सब्जी खरीद रही संध्या निवासी राधानगर कॉलोनी के गले से एक अज्ञात बदमाश ने चालाकी से मंगलसूत्र काटकर चोरी कर लिया था। फरियादिया की शिकायत पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। कोतवाली थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने मुखबिरों को एक्टिव कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले इसी बीच सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति सस्ते दाम में सोने का मंगलसूत्र बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आनन्द उर्फ गोलू राठौड़ निवासी छावनी मंडी इंदौर को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी गया मंगलसूत्र और 10 सोने के मोती बरामद हुए। पुलिस गोलू राठौड़ के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक विजय मिश्रा, आरक्षक आसिफ शेख, प्रधान आरक्षक सुनील यादव, मितेश और सैनिक रोहित चौहान का विशेष योगदान रहा।

## कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में तेंदूखेड़ा विकासखंड में कृषि रथ का शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि वर्ष 2026 मनाए जाने के उपलक्ष्य में 11 जनवरी 2026 को कृषि रथ का शुभारंभ तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत से किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जीपी बेन द्वारा उपस्थित किसानों एवं जनप्रतिनिधियों को कृषि रथ के उद्देश्य, महत्व एवं शासन की योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि रथ तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत से रवाना होकर ग्राम पंचायत इमलीडोल पहुंचा, जहां पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के प्रगतिशील एवं उन्नत किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृषि रथ की रूपरेखा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि यह कृषि रथ 11 जनवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक एक माह तेंदूखेड़ा विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर किसानों को उन्नत एवं नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराएगा। इसके अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-उर्वरक वितरण प्रणाली, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, सहित कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## श्री राम कथा में श्री राम जन्मोत्सव पर जमकर नाचे श्रद्धालु



**सागर।** श्री रामबाग मंदिर में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के पांचवे दिन कथा व्यास पं.मनोज व्यास मधुर जी ने नारदजी के तप और अहंकार की कथा सुनाई। कथा में उन्होंने बताया कि मन को पवित्र करने के तीन साधन है। संतों के चरणों की रज घर में पड़ जाए, भगवत कथा का श्रवण और भगवान को याद करने की तड़प है। कथा में आज नवमी तिथि पर भगवान श्री राम के जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ से पुत्रैषठी यज्ञ करने को कहा जिस पर महाराज दशरथ ने ऋषियों को आमंत्रित कर यज्ञ कराया और उन्हें सन्तान के के रूप में भगवान श्री राम, भरत,लक्ष्मण और शत्रुघन प्राप्त हुए। कथा में श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया। भय प्रकट कृपाला दीन दयाला स्तुति पर श्रद्धालु जमकर थिरके। कथा के यजमान श्रीजी राधे राधे,वीरेंद्र सुहाने,हेमंत आदि हैं।

## महाविद्यालय बुढ़ार में विवेकानंद जयंती पर बच्चों को दी जानकारी



**बुढार/शहडोल।** स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती, जिसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस मौके पर पर शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे महाविद्यालय के प्रांगण में शासन के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार डॉ नृपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रगीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश रेडियो का सीधा प्रसारण सुना गया । युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों से वक्ताओं द्वारा अवगत कराया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के सभागार में समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों के द्वारा भाषण कु राधिका जायसवाल,कु गीतांजलि मिश्रा स्वामी जी के ऊपर भाषण और काव्य-पाठ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने स्वामी जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सहित डॉ नागमणि मानिकपुरी, डॉ वी सोनवानी, डॉ स्वालकीन खान,डॉ त्रिपाठी,डॉ बेक,डॉ शिवमूरत प्रजापति,डॉ मनोज कुजूर,डॉ अनूप सेन,डॉ शशि मोहन, प्रो जयशंकर सिंह शामिल रहे।

### मकर संक्रांति पर्व और स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर विशेष आयोजन

# पवित्र नदियों का जल और दुग्ध प्रवाहित कर की गंगा आरती



**सागर। दोपहर मेट्रो**

लाखा बंजारा झील किनारे गंगा आरती के विशेष आयोजन में निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने समाजसेवी शैलेष केशरवानी, मौनी केशरवानी और रामसरोज परिवार सहित मुख्य यजमान बनकर पूजन किया। गंगा आरती से पहले रामसरोज परिवार द्वारा लाया गया विभिन्न नदियों और संगम के जल को सात कलशों में भरकर और एक कलश में दूध के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई। गंगा, यमुना, क्षिप्रा, नमर्दा, मन्दाकिनी, कावेरी, गोदावरी सहित संगम का जल और दुग्ध धारा मन्त्रोंच्चार और डमरू दल की ध्वनि के साथ लाखा बंजारा झील में प्रवाहित किया गया। इसके साथ ही टेंकर में एकत्र नदियों का जल भी झील में प्रवाहित किया गया। इससे सागर की लाखा बंजारा झील में मकर संक्रांति पर्व पर स्नान करने वाले सागर वासियों को त्रिवेणी संगम प्रयागराज और महान नदियों के जल में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त हो सकेगा। मंत्रोच्चारण के साथ 11 ब्राह्मणों द्वारा पवित्र जल श्रद्धालुओं की उपस्थिति में झील में प्रवाहित किया गया। इस दौरान पूरा प्रांगण गंगा माई के जयकारे से गूंज उठा।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि चकराघाट की झील का दृश्य अलग ही है। संजीव केसरवानी ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर त्रिवेणी संगम प्रयागराज में स्नान करने जैसा फल सागर जिले वासियों के लिए मिले इसलिए छोटा सा प्रयास किया है। शैलेश केसरवानी ने कहा कि पवित्र जल से स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति,पापों का नाश,आरोग्य, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति होती है. अखिलेश मोनी केसरवानी ने कहा कि जिले के वासी इन पवित्र नदियों के जल से स्नान करेंगे तो कहीं ना कहीं रामसरोज समूह को भी पुण्य फल प्राप्त होगा।

इस अवसर पर संयम चतुर्वेदी,बबलू चौरसिया अरविंद सोनी,आयुषी चौरसिया, आशिमा तिर्की,अतुल बाल किशोर,शशांक तिवारी,इंजी.राहुल रैकवार विष्णु साहू,सुनील भदोरिया,संदीप सोनीसहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई बनी औपचारिकता

## पीड़ित आदिवासी न्याय के लिए भटकने को मजबूर



**कोतमा/अनूपपुर। दोपहर मेट्रो**

किसी भी लोकतांत्रिक देश में विकास का अर्थ केवल उद्योगों की स्थापना नहीं होता, बल्कि यह देखा जाता है कि उस विकास की कीमत कौन चुका रहा है। यदि किसी उद्योग की नींव किसी गरीब, विकलांग और आदिवासी किसान की उजड़ी हुई ज़िंदगी पर रखी जा रही हो, तो ऐसे विकास पर सवाल उठना लाज़िमी है। अनूपपुर जिले के ग्राम रक्सा-कोलमी में प्रस्तावित न्यूज़ोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टोरेंट पावर की सहयोगी कंपनी) के पावर प्लांट की जनसुनवाई ने यही कड़वा सच उजागर किया है। 7 जनवरी 2025 को आयोजित इस जनसुनवाई का उद्देश्य था स्थानीय लोगों की आपत्तियाँ सुनना,पर्यावरणीय प्रभावों पर चर्चा करना और जनसहमति बनाना।लेकिन हकीकत में यह जनसुनवाई कंपनी के पक्ष में पूर्व-निर्धारित स्क्रिप्ट जैसी नजर आई। मंच पर सवाल उठाने वाले ग्रामीणों को या तो चुप कराया गया, या उनकी बात अधूरी छोड़ दी गई। जिला प्रशासन के आला अधिकारी जनहित के मुद्दों पर गंभीरता दिखाने के बजाय औपचारिकता निभाते और चाय की चुस्कियों में व्यस्त दिखाई दिए। इस जनसुनवाई का सबसे दर्दनाक और शर्मनाक पहलू तब सामने आया, जब विकलांग आदिवासी किसान रामदीन राठौर, निवासी ग्राम रक्सा-कोलमी, अपनी पीड़ा लेकर मंच तक पहुँचे। रामदीन राठौर पिछले 32 वर्षों से उसी भूमि पर खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनकी पूरी आजीविका उसी जमीन से जुड़ी थी।

## तीन वर्षीय बालिका से युवक ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सागर । दोपहर मेट्रो**

जिले के खिमलासा थानांतर्गत एक गांव में एक युवक ने तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। हालत बिगड़ने पर बच्ची को अस्पताल में भर्ती किया गया है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय युवक ने एक तीन साल की बच्ची से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है. जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर खुरई अस्पताल में भर्ती किया गया है। एक तीन साल की बच्ची के पिता रविवार को काम करने के लिए गए थे और बच्ची घर के पास खेल रही थी। पास में रहने वाला एक युवक उसे उठाकर वहां से कुछ दूर ले गया, जहां पर उसके साथ युवक ने बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। इसकी जानकारी लगते ही बच्ची की मां मौके पर पहुंची, तो वहां पर उनकी बेटी लहुलुहान स्थिति में पड़ी थी। इसकी जानकारी महिला ने अपने जेठ को दी और बेटी को लेकर थाने पहुंची। जहां से उसे मेडिकल के लिए सिविल अस्पताल खुरई भेजा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**




राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अमर वीरांगना रानी दुर्गवती शासकीय महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से सूर्य नमस्कार एवं योगासनो का आयोजन किया गया। इसके बाद स्वदेशी वस्तुओं को महत्व को बढ़ावा देने हेतू रन फॉर स्वदेशी दौड़ का आयोजन किया जिसमें लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय के सभागार कक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ नन्द किशोर निकोसे सहायक प्राध्यापक राजनीती शास्त्र द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुडी हुई बातों को विद्यार्थियों के बीच में रखा।स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के अंतर्गत मेघसिंह वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं खेलो से सम्बंधित रोजगार के अवसरो उधबोधन प्रस्तुत किया गया। आज के कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ खुशबू रावत, एन एन एस पुरुष एकाई के प्रभारी यशवंत अहीरवाल, महिला एकाई की प्रभारी श्रीमती सुमन अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यरत समस्त शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित रहा।

## मकर संक्रांति से पहले प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस ने की सघन चैकिंग

**धार। दोपहर मेट्रो**

मकरसंक्रांति पर्व के पहले चाइनीज मांझे के उपयोग, बिक्री एवं संग्रहण पर रोक को लेकर धार पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। सादलपुर थाना प्रभारी सविता चौधरी के नेतृत्व में से चार पुलिस टीमों का गठन कर थाना क्षेत्र के समस्त ग्रामीण इलाकों में दुकानों पर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान व्यापारियों को चाइनीज़ मांझा न बेचने एवं उसका संग्रहण न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिला दंडाधिकारी धार के आदेशों का उल्लेख करते हुए दुकानदारों को नोटिस भी जारी किए गए तथा उल्लंघन की स्थिति में वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



पुलिस द्वारा आम नागरिकों को हाल ही में इंदौर में हुई दुखद घटना के बारे में अवगत कराते हुए चाइनीज़ मांझे के गंभीर दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। बताया गया कि चाइनीज़ मांझा न केवल निर्दोष पक्षियों के लिए जानलेवा है, बल्कि राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों एवं बच्चों के लिए भी गंभीर चोटों और मृत्यु का कारण बन सकता है।

सादलपुर पुलिस ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि 'हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है कि हम अपने त्योहार हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाएं, लेकिन किसी की ज़िंदगी में शोक का कारण न बनें।' पुलिस ने नागरिकों से चाइनीज़ मांझे का उपयोग न करने और पारंपरिक सूती धागे से पतंग उड़ाने की अपील की।

## मेला मैदान से चोरी की घटना को अंजाम देने वाला गिरफ्तार, पुलिस ने जब्त किया टैंकर




**राजगढ़। दोपहर मेट्रो**

नगर में मेला मैदान क्षेत्र से नगर परिषद राजगढ़ का पानी का टैंकर को चोरी करने वाले आरोपी को राजगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया हैं। राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि 6 जनवरी की रात्रि में राजगढ़ में मेला मैदान में मेला स्थल से अज्ञात बदमाश नगर परिषद का पानी का टैंकर चुराकर ले गए थे। मामले में प्रकरण दर्ज कर धार एसपी मयंक अवस्थी के निर्देश पर तथा एएसपी पारुल बेलापुरकर व एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कंजरोटा रोड़ पर एक लाल रंग के मेसी कंपनी के ट्रैक्टर जिंसके पीछे हरे रंग का टैंकर था उसे रोका गया। तथा ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस को आरोपी सत्यम पिता राधू निनामा उम्र 19 साल निवासी ग्राम बोरखेड़ी थाना अमझेरा ने बताया कि उसने एक बाल अपचारी के साथ टैंकर चोरी किया व टैंकर को कोई पहचान नही पाए इसलिए उस पर हरे रंग की पुताई कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

**मेट्रो एंकर** बीना में वीबी-जी राम-जी जन-जागरण अभियान की बैठक को संबोधित करते विधायक बोले-

# भाजपा सत्ता नहीं, राष्ट्र सेवा और विचारों का सशक्त अभियान है

**सागर । दोपहर मेट्रो**




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने सागर जिले के बीना में वीबी-जी रामजी जन-जागरण अभियान की बैठक एवं छोटी टोली की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी-जी रामजी योजना गांवों के समग्र विकास के संकल्प को साकार करेगी। भाजपा सत्ता नहीं राष्ट्र सेवा और विचारों का सशक्त अभियान है। कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी के स्वदेशी अपनाओ के विचार को कभी सम्मान नहीं दिया। आजादी के बाद स्वदेशी को कभी बढ़ावा नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी को बढ़ावा देकर गांधी जी के सपनों को साकार कर रहे हैं।

खण्डेलवाल ने जनजागरण अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों का सशक्तिकरण ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने का मूल आधार है। वीबी-जी रामजी योजना जनजागरण अभियान मजदूरों को समय पर पारिश्रमिक दिलाने, पंचायतों को जवाबदेह बनाने तथा गांवों में पारदर्शी एवं सुशासित विकास व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है.

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से महात्मा गांधी जी के स्वच्छता के स्वप्न को जन-आंदोलन में बदलकर साकार किया। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ स्वदेशी, रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा दी गई है। बैठक में मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री व विधायक भूपेन्द्र सिंह, सांसद लता वानखेड़े, विधायक प्रदीप लारिया, शैलेन्द्र जैन, गौरव सिरोठिया, विधायक बृजबिहारी पटेरिया, वीरेंद्र सिंह लोधी, श्याम तिवारी, महापौर संगीता तिवारी, वृंदावन अहिरवार सहित जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुश्किल ड्रॉ सबसे बड़ी चुनौती

# इंडिया ओपन बैडमिंटन में भारतीय शटलरों से देश को बड़ी उम्मीदें



**नई दिल्ली।** इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट (इनामी राशि- 950,000 स्ठ) मंगलवार से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों से इस बार बड़ी उम्मीदें हैं। पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन सहित शीर्ष शटलर अपने हालिया फॉर्म को ठोस नतीजों में बदलने की कोशिश करेंगे, खासकर घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए।

### ऐतिहासिक चुनौती: घरेलू कोर्ट का दबाव

भारत के खिलाड़ियों का पिछले 15 वर्षों में घरेलू कोर्ट पर प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। इस अवधि में केवल कुछ ही भारतीय–साइना, सिंधू, श्रीकांत, सात्विक-चिराग और लक्ष्य–खिताब जीत पाए हैं। ऐसे में घरेलू माहौल जहां समर्थन देता है, वहीं दबाव भी बढ़ाता है।

### सिंधू और मालविका पर निगाहें

दिग्गज पीवी सिंधू 2017 में यहां चैंपियन रह चुकी हैं। पिछला सप्ताह उन्होंने मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल तक पहुंचकर अच्छा संकेत दिया, हालांकि चीन की वांग झियी से हार गईं। इंडिया ओपन में उनका पहला मैच वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से होगा। महिला एकल में दूसरी भारतीय उम्मीद मालविका बंसोड हैं, जिनका मुकाबला चीनी ताइपे की पाई यू पो से है। युवा खिलाड़ियों के पास भी घरेलू माहौल में चमकने का मौका रहेगा।

### सेन बनाम शेट्टी से सख्त शुरुआत

पुरुष एकल में शुरुआती राउंड में ही भारतीय भिड़ंत देखने को मिलेगी, जब लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी आमने-सामने होंगे। सेन ने 2022 में यहां खिताब जीता था और पिछले सत्र का अंत ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 जीतकर किया, हालांकि मलयेशिया ओपन में वे जल्दी बाहर हो गए। आयुष शेट्टी 2025 में अमेरिकी ओपन सुपर 300 जीतकर चर्चा में आए। उन्होंने कोदाई नाराओका, लोह कीन यू जैसे नामी खिलाड़ियों को हराया और हाल में ली जी जिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसके अलावा एचएस प्रणय का सामना हांगकांग के ली चेउक यिउ से, जबकि किदांबी श्रीकांत का सामना चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा।

### पुरुष युगल में सात्विक-चिराग सबसे बड़ी उम्मीद

भारतीय पोडियम उम्मीदों का सबसे बड़ा आधार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी होगी। वे इस टूर्नामेंट में 2022 के चैंपियन रह चुके हैं और दो बार फाइनल खेल चुके हैं। मलेशिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में हार के बाद वे यहां वापसी की कोशिश करेंगे। महिला युगल और मिश्रित युगल में भी कई युवा भारतीय जोड़ियां उतरेंगी, जिनमें प्रिया-श्रुति, पांडा बहनें, त्रिसा-गायत्री, ध्रुव-तनीषा आदि शामिल हैं। यह अगली पीढ़ी के लिए बड़ा मंच साबित हो सकता है।

## 300+ चेज में रन मशीन कोहली का दबदबा

# जयसूर्या का विराट रिकॉर्ड तोड़ने की भी दहलीज पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच बड़ोदा में खेले गए तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में भारत ने रोमांचक अंदाज में जीत दर्ज की। टीम इंडिया ने 49वें ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। भारतीय टीम की जीत में विराट कोहली ने अहम भूमिका निभाई और 91 गेंद में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 93 रन की पारी खेली। इसकी बदौलत टीम इंडिया ने एकबार फिर 300 से ज्यादा रन के लक्ष्य का सफल पीछा करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। कोहली ने एक बार फिर यह साबित किया कि 300+ चेज में वह दुनिया के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज हैं। इस मैच के बाद कोहली सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाने तक सीमित नहीं रहे, बल्कि कई बड़े रिकॉर्ड्स भी उनके नाम दर्ज हुए।

वनडे क्रिकेट में 300+ लक्ष्य का पीछा करना हमेशा कठिन माना गया है, लेकिन विराट कोहली ने इस श्रेणी में एक अलग ही मानक तय किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन की पारी के बाद अब कोहली के 300+ सफल चेज में आंकड़े बेहतरीन हैं। उन्होंने सफल 300+ चेज में 12 पारियों में 1091 रन बनाए हैं और वो भी 121.22 की औसत और 125+ के स्ट्राइक रेट से। सिर्फ आंकड़े ही नहीं, बल्कि हालात के अनुसार खेलने की क्षमता उन्हें इस सूची में सबसे अलग बनाती है। इस दौरान उन्होंने सात शतक और दो अर्धशतक भी जड़े हैं।



### जयसूर्या का रिकॉर्ड बेहद करीब

भारतीय जीत के बाद यह चर्चा भी तेज हुई कि कोहली कितने तेजी से प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड्स की सूची में आगे बढ़ रहे हैं। अभी इस लिस्ट में सचिन और जयसूर्या पहले और दूसरे स्थान पर हैं, लेकिन कोहली बहुत करीब हैं। वनडे में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड्स में कोहली के 45 पुरस्कार हैं और वह तीसरे स्थान पर हैं। कोहली जयसूर्या 48 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड्स से सिर्फ तीन अवॉर्ड दूर हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए यह रिकॉर्ड जल्दी टूट सकता है। सचिन के 62 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड्स अभी दूर हैं, लेकिन वे भी अब चर्चा में आने लगे हैं।

### 50+ स्कोर की निरंतरता में अकेले खड़े कोहली

कोहली की सबसे बड़ी ताकत लगातार रन बनाना है। इस मैच ने एक और खास रिकॉर्ड को उजागर किया। वनडे क्रिकेट में पांच या उससे ज्यादा लगातार 50+ स्कोर सबसे ज्यादा बार बनाने का रिकॉर्ड अब सिर्फ विराट कोहली के नाम है। बाकी दिग्गज जैसे डिकॉक, विलियम्सन, बाबर इसे केवल दो बार कर पाए हैं, इससे कोहली की निरंतरता का स्तर साफ झलकता है। कोहली की इस पारी के साथ टीम इंडिया का एक टीम रिकॉर्ड भी सामने आया। वनडे में 300+ सफल चेज सबसे ज्यादा बार भारत ने किए हैं। भारतीय टीम ने ऐसा 20 बार किया है। इंग्लैंड 15 और ऑस्ट्रेलिया 14 भी टीम इंडिया से पीछे हैं। भारतीय टीम के पास चेज मास्टर्स और मध्यक्रम की स्थिरता ही इसकी सबसे बड़ी वजह है।

## टी-20 विश्वकप के कार्यक्रम में नहीं होगा बदलाव

# आईसीसी ने जताया भारत में सुरक्षा का भरोसा, बांग्लादेश बोर्ड को झटका

### वैकल्पिक योजनाओं को गलत तरीके से पेश करने पर भड़का आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**टी20 विश्व कप 2026 को लेकर चल रहे विवाद के बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को तगड़ा झटका लगा है। समाचार एजेंसी एएनआई ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हवाले से कहा कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पूरी तरह से अंतिम रूप ले चुका है और सभी भाग लेने वाली टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे टर्म्स ऑफ पार्टिसिपेशन के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें।**

आईसीसी सूत्र ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सुरक्षा आकलन और वैकल्पिक योजना को गलत तरीके से पेश किया गया है। आईसीसी के अनुसार, भारत में होने वाले टी20 विश्व कप को लेकर स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किया गया जोखिम आकलन लो से मॉडरेट श्रेणी में है, जो किसी भी बड़े वैश्विक खेल आयोजन के लिए सामान्य माना जाता है। इन आकलनों में बांग्लादेश टीम, अधिकारियों या कोलकाता और मुंबई के मैच स्थलों के लिए किसी भी तरह के प्रत्यक्ष या विशेष खतरे की पहचान नहीं की गई है।



### कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

आईसीसी ने खास तौर पर यह भी साफ किया कि कार्यक्रम को बदलने का कोई सवाल नहीं है। बयान में कहा गया, आईसीसी की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैच शेड्यूल को अंतिम रूप देकर प्रकाशित किया जा चुका है और आईसीसी सभी प्रतिभागी टीमों से अपेक्षा करता है कि वे अपने दायित्वों को पूरा करें। साथ ही, आईसीसी ने यह भरोसा भी दिलाया कि वह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) समेत सभी हितधारकों के साथ संवाद बनाए रखेगा और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए रचनात्मक सुझावों पर विचार करता रहेगा। आईसीसी ने अपने बयान में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत में टी20 विश्व कप 2026 के आयोजन को लेकर वह बीसीसीआई और संबंधित स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार और करीबी समन्वय में काम कर रहा है। आईसीसी के मुताबिक, सुरक्षा व्यवस्था की योजना संयुक्त रूप से तैयार की जा रही है, जिसमें केंद्र और राय स्तर की एजेंसियां शामिल हैं। परिषद ने बीसीसीआई और लोकल बॉडीज के अनुभव और ट्रैक रिकॉर्ड पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारत पहले भी कई बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को सुरक्षित और सफलतापूर्वक आयोजित कर चुका है। आईसीसी का मानना है कि इसी सहयोग और पेशेवर तालमेल के चलते बांग्लादेश समेत सभी टीमों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### कहां से हुई विवाद की शुरुआत?

टी20 विश्व कप की शुरुआत फरवरी में होनी है, लेकिन बांग्लादेश ने भारत का दौरा करने को लेकर असहजता जताई है और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने मैच सह–मेजबान श्रीलंका में कराने का अनुरोध किया है। बीसीबी ने यह फैसला उस समय लिया जब बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स से बीसीसीआई के निर्देश पर रिलीज कर दिया गया। इस फैसले के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया, हालांकि यह घटनाक्रम बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित हमलों की खबरों के बीच सामने आया।

# नई शुरुआत के लिए तैयार गब्बर, सोफी शाइन से की सगाई



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। उन्होंने सोमवार को लंबे समय से गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ सगाई कर ली। इसकी जानकारी गब्बर ने सोशल मीडिया पर खूबसूरत तस्वीर साझा कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल फरवरी के तीसरे हफ्ते में शादी कर सकते हैं। धवन ने इंस्टाग्राम पर सगाई की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, खुशियां साझा करने से लेकर सपनों को साझा करने तक। सगाई के लिए मिले प्यार, आशीर्वाद और हर अछी शुभकामना के लिए हम आभारी हैं। हमने हमेशा के लिए एक साथ रहने का फैसला किया है। सोफी शाइन आयरलैंड की नागरिक हैं और फिलहाल शिखर धवन फाउंडेशन की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। यह फाउंडेशन शिखर धवन के स्पोर्ट्स और सोशल वेंचर्स समूह की परोपकारी शाखा है। सोफी को सामाजिक कार्यों में गहरी रुचि है और वह बीते कुछ समय से धवन के प्रोफेशनल और पर्सनल सफर का अहम हिस्सा बनी हुई हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### सनी-बॉबी संग खराब रिश्ते पर बोलीं हेमा

# हम एक-दूसरे के करीब हैं, लोगों को गॉसिप करना पसंद, इसलिए मैं जवाब नहीं देती

हेमा मालिनी ने अपने एक नए इंटरव्यू में धर्मेंद्र की पहली पत्नी प्रकाश कौर और बेटे सनी देओल-बॉबी देओल के साथ अपने रिश्ते पर बात की है। उन्होंने धर्मेंद्र के पहले परिवार-पत्नी प्रकाश कौर और बेटों सनी देओल और बॉबी देओल के साथ किसी भी तरह के मतभेद की खबरों को भी खारिज किया है। एक इंटरव्यू में हेमा ने कहा- यह हमेशा से बहुत अच्छा और सौहार्दपूर्ण रहा है। आज भी यह बहुत अच्छा है। मुझे नहीं पता कि लोग हमारे बारे में क्या सोचते हैं। बस इसलिए कि लोगों को गॉसिप करना पसंद है। मुझे उसका जवाब क्यों देना चाहिए? क्या मुझे स्पष्टीकरण देना जरूरी है? मुझे क्यों देना चाहिए? यह मेरी जिंदगी है। मेरी निजी जिंदगी, हमारी निजी जिंदगी। हम बेहद खुश हैं





और एक-दूसरे के बहुत करीब हैं।

बस इतना ही। मुझे इस बारे में और कुछ नहीं कहना है। मुझे नहीं पता लोग कैसी-कैसी कहानियां गढ़ रहे हैं। यह बहुत दुख की बात है कि लोग दूसरों के दुख का इस्तेमाल करके कुछ आर्टिकल लिख देते हैं। इसलिए मैं (ऐसी अटकलों का) जवाब नहीं देती। जब उनसे पूछा गया कि खबर है कि धर्मेंद्र के लिए कोई म्यूजियम बनाया जाएगा तो जवाब में हेमा ने कहा- सनी की यहीं प्लानिंग है और वो उसे करेंगे ही। हमे जो कहा जाएगा वो हम अपनी तरफ से करेंगे। वैसे भी सनी कुछ भी डिसीजन लेने से पहले मुझे जरूर बताते हैं। इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म इक्कीस देखी है? जवाब में हेमा ने बताया- जब यह फिल्म रिलीज हुई थी, तब मैं मथुरा आई थी। मुझे यहां अपना काम करना है। साथ ही, मैं इसे अभी नहीं देख सकती। यह मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला होगा। मेरी बेटियां भी यही कह रही हैं। शायद मैं इसे बाद में देखूंगी जब मेरे जख्म भरने लगेंगे। बता दें कि 24 नवंबर को धर्मेंद्र के निधन के बाद जिस तरह से आनन-फानन में एक्टर का अंतिम संस्कार किया गया, उससे लोगों के मन में कई सवाल खड़े हुए। फिर जब देओल परिवार और हेमा मालिनी ने एक्टर के लिए अलग-अलग प्रेयर मीट रखी, तब इन बातों को और हवा मिली कि दोनों परिवारों के बीच सबकुछ ठीक नहीं है।

# नूपुर सेनन-स्टेबिन ने क्रिश्चियन वेडिंग के बाद लिए सात फेरे, रॉयल अंदाज में रचाई शादी

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की छोटी बहन नूपुर सेनन अब मिस से मिसेज बन चुकी हैं। नूपुर ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और फेमस सिंगर स्टेबिन बेन संग शादी करके सात जन्मों तक साथ रहने की कसमें खा ली हैं। नूपुर और स्टेबिन ने पहले 10 जनवरी को क्रिश्चियन वेडिंग की। व्हाइट वेडिंग के बाद कपल ने 11 जनवरी को पारंपरिक तरीके से सात फेरे लेकर शादी रचाई। कपल की हिंदू वेडिंग की पहली झलक भी सामने आ गई है। नूपुर सेनन हिंदू वेडिंग में रेड और ऑरेंज कलर के लहंगे में दुल्हन बनीं। उनके लहंगे पर हैवी एम्ब्रायडरी हुई है। हाथों में चूड़ा, हैवी जूलरी पहनकर नूपुर ने अपना ब्राइडल लुक कंप्लीट किया। वहीं, दूल्हे राजा स्टेबिन बेन शेरवानी में काफी जंच रहे हैं। नूपुर और स्टेबिन अपनी शादी में खुशी से झूमते दिखे। उनके चेहरे की बड़ी सी स्माइल देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि दोनों एक दूसरे को हमसफर बनाकर कितने ज्यादा खुश हैं। शादी संपन्न होने के बाद हवा में आतिशबाजी भी की गई। नूपुर-



स्टेबिन की रॉयल वेडिंग किसी फेयरीटेल से कम नहीं रही। हालांकि, कपल ने अभी तक अपनी हिंदू वेडिंग की तस्वीरें शेयर नहीं की हैं, मगर सोशल मीडिया पर उनकी शादी का पहला वीडियो वायरल हो रहा है। नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन की शादी उदयपुर के फेयरमोंट पैलेस में हुई है। शादी में कपल का परिवार और करीबी रिश्तेदार ही शामिल हुए हैं।



**मेट्रो बाजार**

# भारतीय परिवार बन रहे निवेशक बैंकों में जमा राशि में भारी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2025 के बीच भारतीय बैंकों में जमा राशि और कर्ज की रकम लगभग तीन गुना हो गई है। इससे यह साफ होता है कि देश का बैंकिंग सिस्टम मजबूत हुआ है और कर्ज देने की प्रक्रिया फिर से तेज हुई है। सोमवार को जारी एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। भारतीय स्टेट बैंक की रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2015 से 2025 के दौरान बैंकों में जमा राशि 85.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 241.5 लाख करोड़ रुपए हो गई। वहीं, बैंकों द्वारा दिया गया कर्ज 67.4 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बैंकों की कुल संपत्ति देश की जीडीपी के मुकाबले बढ़कर 94 प्रतिशत हो गई है, जो पहले 77 प्रतिशत थी। इससे पता चलता है कि देश की वित्तीय स्थिति और बैंकिंग प्रणाली मजबूत हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, देश के कई राज्यों में अब परिवार सिर्फ बचत ही नहीं कर रहे, बल्कि निवेश की ओर भी रुख करने लगे हैं। गुजरात, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में बैंक में जमा राशि का एक हिस्सा तेजी से शेयर बाजार और अन्य वित्तीय बाजारों की ओर जा रहा है। लंबे समय की बात करें तो वित्त वर्ष 2005 से 2025 के बीच बैंकों में जमा राशि 18.4 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 241.5 लाख करोड़ रुपए हो गई। इसी तरह बैंकों का कर्ज 11.5 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपए हो गया।

# भारत-ईयू ट्रेड डील पर बातचीत अंतिम चरण में, अमेरिका के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता जारी

**राजकोट।** भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच ट्रेड डील पर बातचीत अंतिम चरणों में है और हम अमेरिका के साथ भी द्विपक्षीय ट्रेड डील को लेकर बातचीत कर रहे हैं। यह बयान वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को दिया। केंद्रीय मंत्री की ओर से यह बयान राजकोट में रीजनल एमएसएमई कॉन्क्लेव के दौरान दिया गया। गोयल हाल ही में ब्रसेल्स से लौटे हैं, जहां उन्होंने ईयू ट्रेड एंड इकोनॉमिक सिक्योरिटी कमिश्नर मारोस सेफ्कोविक से भारत-यूरोपियन यूनियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत की थी।



भारत की कोशिश ईयू के साथ होने वाले एफटीए में अधिक श्रम उपयोग वाले सेक्टर्स को जीरो ड्यूटी एक्सेस दिलाना है, जिसमें कपड़ा, चमड़ा, परिधान, रत्न और आभूषण और हस्तशिल्प शामिल हैं। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, इस बातचीत के दौरान, हमने प्रस्तावित समझौते के मुख्य क्षेत्रों पर चर्चा की। हमने नियम-आधारित ट्रेडिंग फ्रेमवर्क और एक आधुनिक आर्थिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जो किसानों और एमएसएमई के हितों की रक्षा करती है, साथ ही भारतीय उद्योगों को ग्लोबल सप्लाई चेन में इंटीग्रेट करती है। अमेरिकी दूतावास में कार्यभार संभालने के दौरान स्टाफ और पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए शुभकामनाएं भेजी हैं। गोर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दोस्ती असली है और भारत एवं अमेरिका का रिश्ता केवल आपसी हितों पर केंद्रित नहीं है, बल्कि बल्कि उच्चतम स्तर पर बने रिश्तों से भी बंधे हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, सच्चे मित्र कई मुद्दों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन आखिर में आपसी मतभेद को सुलझा ही लेते हैं।



चीन में कांस्य से बनी दुनिया की सबसे ऊंची बुद्ध की मूर्ति

# अमिताभ बुद्ध प्रतिमा

चीन के पूर्वी जियांग्शी प्रांत के जिउजियांग शहर के शिंगजी काउंटी में स्थित डोंगलिन मंदिर परिसर में स्थापित यह विशाल अमिताभ बुद्ध प्रतिमा श्रद्धा, शांति और मानवीय आस्था का अद्भुत प्रतीक है। 48 मीटर ऊंची यह कांस्य प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची अमिताभ बुद्ध प्रतिमाओं में मानी जाती है। लुशान पर्वत की तलहटी में खड़ा यह स्मारक न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि चीन की प्राचीन स्थापत्य और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत उदाहरण भी है। 386 ईस्वी में स्थापित डोंगलिन मंदिर शुद्धभूमि बौद्ध संप्रदाय का प्रमुख केंद्र रहा है। तांग राजवंश के दौरान .. ज़ इसकी ख्याति चरम पर थी, हालांकि ताइपिंग विद्रोह और बाद के राजनीतिक उतार- चढ़ावों ने इसे गंभीर क्षति पहुंचाई। मंदिर और उसकी परंपराएं समय की मार सहकर आज भी जीवित हैं।

महाराष्ट्र में राजनीतिक पारा चरम पर : 'अवैध' होर्डिंग्स की शिकायत की

# महायुति में बढ़ी तकरार! एनसीपी के खिलाफ EC पहुंची भाजपा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में निकाय चुनाव के बीच राजनीतिक पारा चरम पर है। ऐसे में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में भी तकरार देखने को मिल रही है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा जहां अजित पवार की पार्टी एनसीपी को घेर रही है तो अजित पवार भी काफी आक्रामक नजर आ रहे हैं। महायुति गठबंधन में आपसी झगड़े साफतौर से देखे जा सकते हैं। इस बीच अब भाजपा अपने सहयोगी दल एनसीपी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची है।

**एनसीपी और दूसरी पार्टियों के खिलाफ श्वष्ट में शिकायत:** महाराष्ट्र भाजपा के महासचिव राजेश पांडे के मुताबिक पार्टी ने पुणे में नगर निकाय चुनावों से पहले अपने महायुति सहयोगी एनसीपी और दूसरी पार्टियों द्वारा कथित तौर पर लगाए गए अवैध होर्डिंग्स की शिकायत चुनाव आयोग से शिकायत की है।

## भाजपा का बैनर-पोस्ट मुक्त बनाने का संकल्प

दरअसल, रविवार को एक बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अवैध होर्डिंग्स और फ्लेक्स-बैनर लगाने से बचने की सलाह दी थी। सीएम ने अपने बयान में कहा कि इससे शहर की सुंदरता खराब होती है। ऐसे में पुणे भाजपा ने सोमवार को शहर को बैनर-पोस्ट मुक्त बनाने का संकल्प लिया। राजेश पांडे ने कहा कि भाजपा ने शहर में पार्टी कार्यकर्ताओं को फ्लेक्स होर्डिंग्स न लगाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं।



## भाजपा ने बताया आचार संहिता का उल्लंघन

उन्होंने बताया कि नगर निगम चुनावों से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अन्य पार्टियों ने पूरे शहर में अनाधिकृत फ्लेक्स बैनर लगाए हैं। यह आचार संहिता का उल्लंघन है। हमने इस संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है।

## फडणवीस ने साधा अजित पवार पर निशाना

इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एनसीपी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ में नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की आलोचना करने के लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के अलग-अलग चुनाव लड़ने के बावजूद उन्होंने 'सौहार्दपूर्ण' मुकाबले पर सहमति जताई थी। फडणवीस ने कहा कि भाजपा और एनसीपी ने काफी पहले ही यह तय कर लिया था कि वे पुणे और पिंपरी-चिंचवड के नगर निगम चुनावों में सहयोगी के रूप में चुनाव नहीं लड़ेंगे, क्योंकि दोनों ही इस क्षेत्र में मजबूत पार्टियां हैं।

## चुनावी शोर थमने से पहले आखिरी दमखम, दिग्गज अपने गढ़ में सक्रिय




महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिका के लिए चुनाव प्रचार का शोर आज शाम 5 बजे थम जाएगा। नियमों के मुताबिक, मतदान के 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। इन सभी महानगरपालिका चुनाव के लिए मतदान 15 जनवरी को होंगे, जबकि रिजल्ट अगले दिन 16 जनवरी को घोषित किए जाएंगे। प्रचार के अंतिम दिन सीएम देवेंद्र फडणवीस अपने होम टाउन नागपुर में रोड शो कर लोगों से सीधा संवाद कर रहे है। इसके अलावा डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे अपने गढ़ ठाणे व डिप्टी सीएम अजीत पवार अपने गढ़ पुणे व पिंपरी चिंचवड़ में सक्रिय है। बाकी नेता भी अपने होम टाउन में पूरी ताकत झोंकेंगे।

आज शाम पांच बजकर 30 मिनट पर चुनाव प्रचार का गाजा-बाजा बंद हो जाएगा। इसके साथ ही मतदान से पूर्व की 48 घंटे की साइलेंस पीरियड शुरू हो जाएगी। इस दौरान किसी भी तरह का चुनाव प्रचार करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस पर चुनाव आयोग कड़ी नजर रखेगा। आयोग ने सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें। आज प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण सभी राजनीतिक दलों द्वारा पदयात्राओं के जरिए बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदर्शन किए जाने की संभावना है। राज्य चुनाव आयोग ने 15 दिसंबर 2025 को 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव का ऐलान किया था। जिसके बाद नामांकन भरने से लेकर चुनावी सभा, रैली, जुलूस और पदयात्राओं का दौर शुरू हो गया। राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार आज मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे के बाद किसी भी प्रकार की सभा, रैली, जुलूस, रोड शो नहीं किए जा सकेंगे। लाउडस्पीकर, डीजे, माइक के उपयोग पर भी पूर्ण रोक रहेगी।

## न्यूज विंडो

### कम्युनिस्ट पार्टी के शिष्टमंडल ने भाजपा मुख्यालय का दौरा किया

**नई दिल्ली।** चीन के सत्ताधारी दल कम्युनिस्ट पार्टी ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय का दौरा किया। चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग की उप-मंत्री सुन हैयान ने किया। भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। वहीं भाजपा के दल का नेतृत्व भाजपा महासचिव और सांसद अरुण सिंह ने किया। भाजपा के विदेश मामलों के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में बताया कि दोनों दलों के बीच अंतर-दलीय संचार को आगे बढ़ाने के साधनों पर बात हुई। पोस्ट में चौथाईवाले ने लिखा, 'चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सुन हैयान (उप मंत्री सीपीसी) के नेतृत्व में भाजपा मुख्यालय पहुंचा।

### एसआईटी के सामने अपने फोन जमा कराएगी उर्मिला सनावर

**देहरादून।** बहुचर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण में ऑडियो वायरल मामले में पूछताछ के बाद आज उर्मिला सनावर अपने मोबाइल एसआईटी के सामने जमा कराएंगी। एसआईटी मोबाइल व ऑडियो को जांच के लिए आगे लैब में भेजेगी।पिछले दिनों पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के बीच बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



ऑडियो में अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ी बातें सामने आने के बाद पूरे प्रदेश में हलचल तेज हो गई थी। इसके बाद बहादराबाद व झबरेड़ा थाने में सुरेश राठौर व उर्मिला सनावर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पहले से भी कई मामले दर्ज होने के चलते पुलिस कप्तान ने एसआईटी का गठन कर दिया था। उर्मिला सनावर से एसआईटी ने पूछताछ की थी जबकि शुक्रवार को सुरेश राठौर से सवाल-जवाब किए गए थे।

### मां-बेटे का कत्ल... सौतेले भाई ने धारदार हथियार से काटा

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के मड़िहान थाना क्षेत्र के मड़िहान बाजार में आज एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक सौतेले बेटे ने अपनी मां और भाई की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने दोनों शवों को ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर ठिकाने लगाने का प्रयास किया, लेकिन राहगीरों की सतर्कता से पूरी घटना का पर्दाफाश हो गया।स्थानीय बाजार निवासी बिल्डिंग मैटेरियल व्यवसायी आयुष गुप्ता (32 वर्ष) और उनकी मां उषा गुप्ता (62 वर्ष) की धारदार हथियार से उनके ही सौतेले बेटे राहुल गुप्ता ने हत्या कर दी।

हत्या के बाद, आरोपी ने दोनों शवों को एक ट्रैक्टर ट्राली पर लादा और उन्हें ठिकाने लगाने के इरादे से ले जाने लगा। हालांकि, किस्मत का खेल देखिए कि आयुष का शव रास्ते में मड़िहान तिराहे पर गिर गया। इसके बाद, आरोपी ने उषा देवी के शव को पटेवर मड़िहान ब्रांच नहर में फेंक दिया।

## अमेरिका का रूस-यूक्रेन जंग को लेकर बड़ा बयान- ओरेश्निक मिसाइल अटैक का दावा

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। हाल के दिनों में रूस की ओर यूक्रेन पर भीषण हमले किए गए है। रूस के आक्रामक रुख को देखते हुए अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन युद्ध को खतरनाक तरीके से बढ़ाने का आरोप लगाया है। यह आरोप ऐसे समय में लगाया गया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन शांति वार्ता को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

**'अमेरिका करता है रूस की निंदा':** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में अमेरिका की उप राजदूत टैमी ब्रूस ने विशेष रूप से रूस की ओर से पोलैंड (नाटो सदस्य) के पास यूक्रेन सीमा के निकट परमाणु क्षमता वाली ओरेश्निक मिसाइल के प्रक्षेपण का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि



अमेरिका इस संघर्ष में अनगिनत मौतों पर गहरा खेद व्यक्त करता है। ब्रूस ने कहा कि अमेरिका ऊर्जा और अन्य बुनियादी ढांचों पर रूस के बढ़ते हमलों की कड़ी निंदा करता है।

**'जंग भड़काने वाला है रूस का कदम':** गौरतलब है कि, हाल ही में रूस ने यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से बड़े पैमाने पर हमला किया था, जिसमें ओरेश्निक मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। यूक्रेन ने इस हमले के बाद ही सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था।

## लॉरेंस गैंग ने जिम पर करवाई फायरिंग, दी धमकी

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार इलाके में सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक जिम पर अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। यह घटना 'आरके फिटनेस बाय रोहित खत्री' जिम के बाहर हुई, जहां बाइक सवार बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। गनीमत रही कि इस वारदात में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर खुद को गैंगस्टर बताने वाले रणदीप मलिक के नाम से एक पोस्ट वायरल हो गया, जिसमें इस फायरिंग की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया है। पोस्ट में जिम संचालक को धमकी देते हुए कहा गया है कि यह फायरिंग मैंने (रणदीप मलिक) और अनिल पंडित यूएसए ने करवाई है। फोन कॉल को नजरअंदाज करने की वजह से फायरिंग की गई और आगे भी गंभीर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। आगे लिखा है कि अब कॉल नहीं उठाई तो धरती से उठवा दूंगा।


केंद्रीय मंत्रालय, CBI-NIA अधिकारियों को किया शामिल

## डिजिटल अरेस्ट मामला, केंद्र ने हाई-लेवल कमेटी बनाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में आज डिजिटल अरेस्ट मामले पर सुनवाई हो रही है। इससे पहले केंद्र सरकार ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की और मामले पर डिटेल रिपोर्ट पेश करने के लिए एक महीने का समय मांगा। केंद्र ने स्टेटस रिपोर्ट में बताया है कि देश भर में डिजिटल अरेस्ट के सभी पहलुओं की जांच करने के लिए गृह मंत्रालय (MHA) ने एक हाई-लेवल इंटर-डिपार्टमेंटल कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें कई एजेंसियां शामिल हैं।

केंद्र के अनुसार, कमेटी की अध्यक्षता गृह मंत्रालय के विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) कर रहे हैं। कमेटी में CBI, NIA, दिल्ली पुलिस के IG रैंक के अधिकारी और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (IyC) के सदस्य सचिव शामिल हैं। इनके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, विदेश मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय, उपभोक्ता मामले मंत्रालय और RBI के संयुक्त सचिव लेवल के अधिकारी भी कमेटी का हिस्सा हैं।



### 16 दिसंबर, 2025 : सुप्रीम कोर्ट बोला- पीड़ितों को मुआवजा मिले

सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिसंबर, 2025 को डिजिटल अरेस्ट जैसे ऑनलाइन ठगी के मामलों पर पिछली सुनवाई में केंद्र से पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा था। हरियाणा के बुजुर्ग दंपत्ति की शिकायत पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चिंता जताई कि साइबर अपराधी इस तरीके से देश से बेहद बड़ी रकम बाहर भेज रहे हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि इन ठगों ने देश से कितना पैसा बाहर भेज दिया है।

### बुजुर्ग दंपति की शिकायत पर स्वत: संज्ञान लिया

हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति ने शिकायत की थी कि कुछ लोगों ने खुद को पुलिस और कोर्ट से जुड़ा दिखाकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया। ठगों ने उनका सारा पैसा ट्रांसफर करा लिया। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा कि ऐसे अपराध सिर्फ आम साइबर फ्रॉड नहीं हैं, बल्कि न्यायपालिका के नाम, मुहर और फर्जी आदेशों का दुरुपयोग करके पूरे सिस्टम पर जनता के भरोसे पर सीधा हमला करते हैं।

## सब्जी न होने की शिकायत बनी मां-बेटे का काल शवों पर मिले धारदार हथियार से 33 वार के निशान

कानपुर, एजेंसी

कानपुर में घाटमपुर कोतवाली के सरदेपुर में रात नशे में घर पहुंचे अखिलेश सिंह उर्फ सुरेंद्र यादव उर्फ स्वामी ने सब्जी न होने की शिकायत पर विवाद के बाद पांच माह की गर्भवती पत्नी रूबी देवी व ढाई साल के मासूम बेटे लावांश की हत्या कर दी। पोस्टमार्टम के दौरान दोनों के शवों पर बांके के कुल 33 वार मिले हैं। सोमवार को वीडियोग्राफी के साथ शवों को पोस्टमार्टम कराया गया।

डॉक्टरों को महिला के सिर व गर्दन पर 19 व मासूम के शव पर 14 वार मिले। दोनों के सिर व गर्दन में चार अंगुल तक गहरे घाव मिले हैं। सिर की हड्डियां टूटने, कोमा में जाने व अधिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है। दोहरे हत्याकांड में रूबी के भाई फतेहपुर निवासी



दिलीप ने आरोपी सुरेंद्र के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पति को रेलवे ट्रैक के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

फतेहपुर के थाना हुसैनगंज के गौरा चिरियारा निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी बेटी रूबी की शादी 2021 में सुरेंद्र स्वामी से की थी। सुरेंद्र ट्रक में खलासी का काम करता था और शराब का लती हो गया। दो साल पहले उसने बेटी को बेल्ट से पीटा था। बदनामी के डर से कार्रवाई नहीं की। सुरेंद्र जितना भी कमा रहा था सब शराब में उड़ा देता था। हत्याकांड के बाद रूबी का छोटा भाई दिलीप, मां दुर्गा देवी बिलख पड़ीं। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

भाई दिलीप ने पुलिस को बताया कि रूबी की पहली शादी कानपुर में हुई थी। पहला पति भी शराबी था और पीटता था। करीब चार साल बाद वह पति को छोड़कर मायके आ गई थी। इसके बाद उसकी शादी सुरेंद्र के साथ की गई लेकिन दूसरी शादी से भी रूबी को सुख नहीं मिला। दूसरा पति भी शराबी निकला। वह रोज शराब के नशे में रूबी से विवाद तो करता ही था और अंत में उसकी जान भी ले ली।

मेट्रो एंकर

मन बैचेनी खींच लाई प्रयागराज, माघ मेले में पकड़ी वैराग्य की राह...

# लग्जरी लाइफ छोड़कर संन्यासी बना 22 साल का कमल

प्रयागराज, एजेंसी

आयु 22 वर्ष, माथे पर चंदन का तिलक, छोटे बालों के बीच शिखा, गले में गुरु मंत्र से अभिमंत्रित कंठी माला और बाजुओं पर त्रिशूल का चिह्न... सांसारिक जीवन की देहरी लांघ कर संन्यास की राह पकड़ने वाले रायबरेली के अमर कमल रस्तोगी माघ मेला में आकर अब यश्वनी दास बन चुके हैं।



तन पर भगवा, मन में वैराग्य और जुबान पर 'सियाराम' का अखंड जप। वैराग्य के पथ पर आगे बढ़ गए अमर कमल के पीछे रह गईं दो बहनों की सिसकियां और एक पिता की अधूरी प्रतीक्षा। मनाने के तमाम प्रयास के बाद व्याकुल होकर बहनें वापस लौट गईं।

महावीर मार्ग पर तपस्वी नगर के पंडाल में बैठे यश्वनी दास को देख कर कोई यह अंदाजा नहीं लगा सकता कि कुछ ही दिन पहले तक वह एक सामान्य युवक थे। शिक्षित, संपन्न और भटकन से भरा। वह अब पूरी तरह संतों की छांव में खुद को सौंप चुके हैं।

### पहले ईसाई धर्म की ओर बढ़ रहा था रुझान

यश्वनी दास की कहानी अंतर्द्वंद्व से भरी है। कभी ईसा मसीह की तस्वीर कमरे में सजी थी, हाथ पर क्राइस्ट का टैटू था, गिरजाघर के रास्ते लखनऊ तक पहुंच गया था। दादी से मिले पैसों से खरीदे गए लाखों के फ्लैट, जनसेवा केंद्र का संचालन, लक्जरी लाइफ सब कुछ होते हुए भी मन में बेचैनी थी। वही बेचैनी उसे प्रयागराज खींच लाई।

मूल रूप से रायबरेली के महाराजगंज के रहने वाले यश्वनी दास (नया नाम) ने स्वामी गोपाल दास को प्रथम गुरु बना लिया है। बताते हैं कि माघ मेले में एक अजनबी से मुलाकात ने जीवन की दिशा बदल दी, उनके साथ चलते समय कुछ लोगों ने पैर छू लिए।

गंगा किनारे आंखें मूंदीं तो जैसे किसी दिव्य अनुभूति ने भीतर सब कुछ उलट-पलट कर रख दिया। संतों के भंडारे में अपने हाथों से भोजन परोसते हुए तय कर लिया कि अब जीवन सेवा और भक्ति को समर्पित रहेगा। उनके इस वैराग्य की कीमत परिवार वालों ने आसुंओं से चुकाई।

इकलौते भाई की तलाश में माघ मेले तक पहुंचीं बहनें रानी रस्तोगी और नेहा दो दिन तक शिविर के बाहर हाथ जोड़े खड़ी रहीं। कभी भाई को पुकारतीं, कभी रोते-रोते संतों से विनती करतीं। पहली बार में भाई ने पहचानने से ही इनकार कर दिया। बाद में थोड़ी बातचीत हुई, पर घर लौटने का आग्रह पत्थर से टकरा कर लौट आया।

बहने कहतीं हैं- भाई एक जनवरी को घर से यह कहकर निकला की लखनऊ में चर्च जा रहा है। उसके बाद से फोन रिसीव नहीं किया। प्रयागराज में उसका पता चलने पर वहां गए और रोकर लौट आए। अब भी मन यही कहता है कि वह वापस आ जाए। पिता नवीन रस्तोगी की उम्मीदें भी उसी इंतजार में अटकी हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया** **स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564